भाषा उत्थान

Based on ICSE Board

सहायक पुस्तिका

6

© सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन
इस पुस्तक के किसी भी भाग का, किसी भी रूप में मुद्रण, प्रकाशन, संग्रहण अथवा प्रसारण प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना करना वर्जित है।

हेल्प लाइन

कहाँ क्या है

	पाठ	विधा	रचनाकार का नाम	पृष्ठ
1.	तिरंगा गीत	कविता	सुनील जोगी	3
2.	गूदड़ साईं	कहानी	जयशंकर प्रसाद	5
3.	टार्च बेचने वाले	व्यंग्य	हरिशंकर परसाई	8
4.	शरारती शरत	जीवन वृत्त	विष्णु प्रभाकर	11
6.	हेर-फेर	कहानी	सुदर्शन	14
7.	सब अपने हैं	कविता	गौहर रज़ा	17
8.	जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क	यात्रा वृत्तांत	त्रिलोक कौशिक	21
9.	तोत्तो चान	विदेशी कहानी	तेत्सुको कुरयोनागी	23
10.	एक पत्र इंदिरा के नाम	पत्र	पं॰ जवाहर लाल नेहरू	26
12.	शाश्वत यात्रा	कविता	भारत भूषण	28
13.	जब मैंने पहली पुस्तक खरीदी	आत्मकथा	धर्मवीर भारती	31
14.	मुरली बजाने वाला बालक	पर्यावरण जागरूकता	दादा हयात	34
16.	कुशल कारीगर से कूड़ा बीनने तक	जीवन वृत्त	मुहम्मद उमर	37
17.	रस की बूँदें	सवैया	रसखान	40
18.	टिकट अलबम	कहानी	सुंदरा रामास्वामी	42
19.	पापा खो गए	एकांकी	विजय तेंदुलकर	45
20.	खुराफातों ने बनाया महान वैज्ञानिक	वैज्ञानिक जीवनी	देवेंद्र शर्मा	47
21.	नदी किंतु बहती रही	कविता	डॉ॰ शंभूनाथ सिंह	50

1 तिरंगा गीत

मौखिक प्रश्न

1. सही उत्तर चुनकर सही (✓) का चिह्न लगाइए–

क) तिरंगे में मुख्य रूप से कितने रंग बताए गए हैं?
तीन (✓)

ख) केसरिया रंग किसका प्रतीक माना गया है?
शौर्य का (✓)

ग) भारतवर्ष में कितनी ऋतुएँ बताई गई हैं?
छह (✓)

घ) किस रंग को शांति का प्रतीक माना गया है?
सफ़ेद (✓)

2. इन प्रश्नों के उत्तर बताइए–

क) तिरंगा किसके बलिदान की गाथा गाएगा?

उ० तिरंगा हिंदुस्तान के बलिदान की गाथा गाएगा।

ख) कविता में तिरंगे के स्वर को क्या नाम दिया गया है?

उ० कविता में तिरंगे के स्वर को वंदेमातरम का नाम दिया गया है।

ग) कवि ने खुशियों का प्रतीक किसे माना है?

उ० कवि ने खुशियों का प्रतीक तिरंगे के हरे रंग को माना है।

घ) इस कविता के लिए कोई अन्य शीर्षक बताइए।

उ० प्यारा तिरंगा।

लिखित प्रश्न

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

क) निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

ये है आज़ादी का परचम
इसमें छह ऋतुओं के मौसम
इसकी रक्षा में लगे हम
इसका स्वर है वंदेमातरम
साथ हो सबके तिरंगा
हाथ हो सबके तिरंगा
ये तिरंगा सारी दुनिया
में उजाला लाएगा।

क) तिरंगे को 'आज़ादी का परचम' क्यों कहा गया है?

उ० तिरंगे को 'आज़ादी का परचम' इसलिए कहा गया है क्योंकि यह स्वतंत्रता का प्रतीक है।

ख) उपर्युक्त पंक्तियों में किसकी रक्षा में लगे रहने की बात की गई है?

उ० पद्यांश की पंक्तियों में तिरंगे की रक्षा में लगे रहने की बात की गई है।

ग) तिरंगे को सबके साथ तथा सबके हाथ में होने से कवि का क्या अभिप्राय है?

HELPLINE PUBLICATIONS (P) LTD. ©

उ॰ तिरंगे को सबके साथ तथा सबके हाथ में होने से कवि का अभिप्राय यह है कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा सभी भारतवासियों को त्याग, बलिदान, शांति, समृद्धि और स्वतंत्रता की प्रेरणा प्रदान करे और सभी उसका सम्मान करें।

घ) 'परचम' शब्द का अर्थ है–

ध्वज (✓)

2. सही कथन के सामने (✓) या गलत कथन के सामने (✗) का चिह्न लगाइए–

क) तिरंगे में श्वेत रंग शांति का प्रतीक है। (✓)

ख) तिरंगे में जो चक्र है वह एक चित्रकार ने बनाया है। (✗)

ग) हमारा तिरंगा आज़ादी का परचम है। (✓)

घ) हर जाति का गुलशन अलग होता है। (✓)

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

लघूत्तरीय प्रश्न–

क) तिरंगे को प्रेम की गंगा क्यों कहा गया है?

उ॰ तिरंगे को प्रेम की गंगा इसलिए कहा गया है क्योंकि यह भाईचारे का प्रतीक है।

ख) तिरंगे में गति की प्रेरणा हमें किससे और कैसे मिलती है?

उ॰ गति की प्रेरणा तिरंगे के चक्र से मिलती है। जिस प्रकार चक्र सदा गतिशील रहता है उसी प्रकार हमें भी सदा कर्मरत रहना चाहिए।

विस्तारपूर्वक उत्तर लिखिए–

क) कविता में तिरंगे की क्या-क्या विशेषताएँ बताई गई हैं? लिखिए।

उ॰ कविता में तिरंगे की निम्नलिखित विशेषताएँ बताई गई हैं–

चाँद और सूरज जैसा तिरंगा, प्रेम की गंगा तिरंगा, विश्व में न्यारा तिरंगा, जान से प्यारा तिरंगा, आज़ादी का परचम।

ख) तिरंगा आसमान पर शान से लहराए इसके लिए देशवासियों का आचरण कैसा होना चाहिए? अपने विचार लिखिए।

उ॰ तिरंगा आसमान पर शान से लहराए इसके लिए देशवासियों के मन में तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना होनी चाहिए। उसकी रक्षा करनी चाहिए और भाईचारे एवं एकता की भावना रखते हुए तिरंगे की रक्षा के लिए बड़े से बड़ा बलिदान करने को तत्पर रहना चाहिए।

ग) कविता में तिरंगे के तीनों रंगों की किन-किन विशेषताओं का वर्णन किया गया है?

उ॰ कविता में तिरंगे के तीनों रंगों की निम्नलिखित विशेषताओं का वर्णन किया गया है–

- केसरिया रंग वीरता का भाव भरता है।
- सफेद रंग शांति का प्रतीक है।
- हरा रंग देश की खुशहाली को दर्शाता है।

घ) इस कविता से आपको क्या प्रेरणा मिलती है? लिखिए।

उ॰ इस कविता से राष्ट्रध्वज के प्रति मान-सम्मान की भावना रखने और उसकी रक्षा करने की प्रेरणा मिलती है। यह कविता मन में त्याग, बलिदान, शांति और स्वतंत्रता की भावना भरती है।

भाषा के झरोखे से

1. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–

आसमान	–	आकाश, नभ	गंगा	–	भागीरथी, सुरसरि
विश्व	–	दुनिया, जग	प्रेम	–	प्यार, स्नेह
चाँद	–	चंद्रमा, शशि	उजाला	–	प्रकाश, रोशनी

2. विलोम शब्दों का आपस में सही मिलान कीजिए–

प्रेम ——————→ घृणा

आसमान ——————→ धरती

शांति ——————→ अशांति

उजाला ——————→ अँधेरा

HELPLINE PUBLICATIONS (P) LTD.

बुराई ——————————→ अच्छाई

स्वतंत्र ——————————→ परतंत्र

3. निम्नलिखित शब्दों के सामने दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाइए–

		व्यक्तिवाचक संज्ञा	जातिवाचक संज्ञा	भाववाचक संज्ञा
रमेश	–	(✓)	( )	( )
झंडा	–	( )	(✓)	( )
प्रेम	–	( )	( )	(✓)
विश्व	–	(✓)	( )	( )
गंगा	–		( )	( )

4. निम्नलिखित शब्दों के सही वर्ण-विच्छेद के आगे सही (✓) का चिह्न लगाइए–

क) केसरिया

क् + ए + स् + अ + र् + इ + य् + आ (✓)

ख) बलिदान

ब् + अ + ल् + इ + द् + आ + न् + अ (✓)

ग) प्यारा

प् + य् + आ + र् + आ (✓)

घ) दुनिया

द् + उ + न् + इ + य् + आ (✓)

5. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ शब्दकोश की सहायता से जानिए और उनसे उचित वाक्य बनाइए–

प्रेम – हमें मेलजोल और <u>प्रेम</u> से रहना चाहिए।

विश्व – भारतीय मसालों की माँग <u>विश्व</u>-भर में है।

ऋतु – वसंत <u>ऋतु</u> में वन-उपवन में रंगों की छटा बिखर जाती है।

चक्र – राष्ट्रध्वज के <u>चक्र</u> में चौबीस तीलियाँ है।

रक्षा – हमें तिरंगे की <u>रक्षा</u> का व्रत लेना चाहिए।

श्वेत – <u>श्वेत</u> क्रांति ने भारत को दूध उत्पादन में आग्रणी बना दिया है।

2 गूदड़ साँई

मौखिक प्रश्न

1. सही उत्तर चुनकर सही (✓) का चिह्न लगाइए–

(क) ओ साँई! कहकर किसने पुकारा?

आठ-नौ वर्ष के बालक ने (✓)

(ख) साँई दुपहर को कहाँ जाता था?

मोहन के घर के सामने (✓)

(ग) मोहन को साँई के साथ किसने देखा था?

मोहन के पिता ने (✓)

(घ) साँई क्यों रोने लगा था?

लड़के को रोते देखकर (✓)

(ङ) साँई बच्चों में किसका रूप देखता था?

भगवान का (✓)

HBT PUBLICATIONS © (P) LTD

2. इन प्रश्नों के उत्तर बताइए–

क) साँईं को बालक क्यों पुकार रहा था?

उ० आज कई दिनों बाद साँईं दिखाई पड़ा था इसलिए बालक साईं को पुकार रहा था।

ख) मोहन के पिता फ़कीरों से क्यों चिढ़ते थे?

उ० मोहन के पिता फ़कीरों से इसलिए चिढ़ते थे क्योंकि उन्हें फकीर ढोंगी लगते थे।

ग) साँईं मोहन के घर की ओर क्यों नहीं गया?

उ० मोहन के पिता के नाराज़ होने के कारण साईं मोहन के घर की ओर नहीं गया।

घ) साँईं किसे भगवान मानता था?

उ० साँईं बच्चों को भगवान मानता था।।

3. सही कथन के सामने (✓) या गलत कथन के सामने (×) का चिह्न लगाइए–

क) मोहन को साँईं के साथ देखकर उसके पिता बहुत प्रसन्न हुए। (×)

ख) साँईं दुपहर को मोहन के घर के सामने जाता था। (✓)

ग) साँईं मोहन से चिढ़ता था। (×)

घ) एक लड़का साँईं का गूदड़ खींचकर भागा। (✓)

लिखित प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

आज कई दिनों बाद उस मुहल्ले में साँईं दिखलाई पड़ा है। साँईं बैरागी था–माया नहीं, मोह नहीं। परंतु कुछ दिनों से वह दुपहर को मोहन के घर के सामने जाता तथा अपने दो–तीन गूदड़ रखकर उनपर बैठ जाता और मोहन से बातें करता। जब कभी मोहन उसे गरीब एवं भिखमंगा जानकर, माँ से ज़िद करके तथा पिता की नज़र बचाकर, कुछ साग–रोटी लाकर दे देता तो साँईं के मुख पर मैत्री के भाव उमड़ आते। गूदड़ साँईं उस समय दस वर्ष के बालक के समान अभिमान, सराहना और उलाहनों के आदान–प्रदान के बाद उसे बड़े चाव से खा लेता। मोहन की एक रोटी से उसकी अक्षय तृप्ति हो जाती।

क) लेखक ने साँईं को बैरागी क्यों कहा है?

उ० साँईं को कोई माया मोह नहीं था, इसलिए लेखक ने उसे बैरागी कहा है।

ख) मोहन साँईं को खाना क्यों देता था?

उ० मोहन साँईं को गरीब और भिखमंगा समझता था, इसलिए उसे खाना दे देता था।

ग) साँईं कुछ दिनों से क्या करने लगा था?

उ० कुछ दिनों से साँईं मोहन के घर के सामने जाकर अपने गूदड़ बिछाकर बैठ जाता था, फिर मोहन से बातें करता था।

घ) 'अक्षय' शब्द का विलोम होगा–

क्षय

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

लघूत्तरीय प्रश्न–

क) मोहन ने साँईं से न आने का कारण पूछा तो उसने क्या उत्तर दिया?

उ० जब मोहन ने साँईं से न आने का कारण पूछा तो उसने बताया कि उसके पिता जी नाराज़ होते हैं, इसलिए वह नहीं आता।

ख) मोहन के पिता को सभी फ़कीर ढोंगी क्यों लगते थे?

उ० मोहन के पिता को सभी फकीर इसलिए ढोंगी लगते थे क्योंकि वे पाश्चात्य शिक्षा एवं संस्कृति में रँगे हुए थे। साथ ही उन्हें फ़कीरों से स्वाभाविक चिढ़ थी।

ग) लोग साँईं को गूदड़ साँईं क्यों कहते थे?

उ० साँईं अपने साथ दो–तीन गूदड़ लाता था, इसलिए उसे लोग गूदड़ गूदड़ साँईं कहते थे।

घ) साँईं ने मोहन के घर जाना क्यों बंद कर दिया था?

उ० एक दिन मोहन के पिता ने उसे साँईं के साथ देख लिया था। इस बात पर उन्होंने मोहन को बहुत डाँटा था। इसी कारण साँईं ने मोहन के

HELPLINE PUBLICATIONS (P) LTD.

घर जाना बंद कर दिया था।

विस्तारपूर्वक उत्तर लिखिए–

क) 'अभिमान, सराहना और उलाहनों के आदान-प्रदान' से लेखक का क्या तात्पर्य है? ऐसा उसने किसके प्रसंग में कहा?

उ० 'अभिमान, सराहना और उलाहनों के आदान-प्रदान' से लेखक का तात्पर्य है कि गूदड़ साँईं के स्वभाव में भी बाल सुलभता थी। वह भी एक बा(✓)क के समान अभिमान, बड़ाई और प्रेमपूर्ण शिकायत प्रकट करता था।

उपर्युक्त बात लेखक ने उस प्रसंग में कही है जब गूदड़ साँईं मोहन के घर के सामने आकर बैठ जाता था और मोहन उसे साग-रोटी लाकर देता था।

ख) साँईं का गूदड़ कौन खींचकर भागा? ऐसा उसने क्यों किया?

उ० साँईं का गूदड़ एक लड़का खींच ले गया था। ऐसा उसने साँईं को चिढ़ाने के लिए किया था।

ग) मोहन के पिता के पूछने पर साँईं ने गूदड़ रखने का क्या कारण बताया?

उ० साँईं ने मोहन के पिता को गूदड़ रखने का कारण बताया था कि गूदड़ को लेकर बच्चे भागते हैं और मैं उनसे लड़कर छीन लेता हूँ। फिर उनके आनंद के लिए दुबारा गूदड़ रखता हूँ ताकि वे फिर उसे छीनें।

3. आशय स्पष्ट कीजिए–

"सोने का खिलौना तो उचक्के भी छीन लेते हैं, पर चिथड़ों पर भगवान ही दया करते हैं।"

उ० इस कथन का आशय यह है कि कीमती वस्तु तो बदमाश-लुटेरे छीनते हैं। भला वे साँईं के चिथड़ों को छीनकर क्या करेंगे। यह काम तो निश्छल, निष्कपट बच्चे ही कर सकते हैं। उन्हें धन या किसी कीमती वस्तु का लालच नहीं होता। वे भगवान का रूप होते हैं।

भाषा के झरोखे से

1. निम्नलिखित में से जो युग्म पर्याय नहीं हैं उनपर (✓) का चिह्न लगाइए–

मित्र – शत्रु (✓)

2. निम्नलिखित में से सही विलोम युग्म पर (✓) का चिह्न लगाइए–

देश – विदेश (✓)

3. निम्नलिखित शब्दों में से जातिवाचक संज्ञाएँ छाँटकर लिखिए–

उ० लड़के, बैरागी, पिता, नाना, भगवान, साम्राज्य, फ़कीर

4. निम्नलिखित शब्दों को अकारादि क्रम में लिखिए–

गूदड़, घोड़ा, बाबा, भगवान, लड़का, वस्तु, सिर

5. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए–

क) गागर में सागर – कम शब्दों में गहरी बात कहना।

प्रयोग– कवि बिहारी ने अपनी सतसई के दोहों में गागर में सागर भर दिया है।

ख) गले का हार – बहुत प्रिय

प्रयोग– बड़ी बेटी संजना मेरे गले का हार है।

ग) आँखों का तारा – अतिप्रिय

प्रयोग– शिवम अपनी माँ की आँखों का तारा है।

घ) दो टूक बात कहना – साफ़ मना करना।

प्रयोग– राज ने संजय के साथ चलने को कहा तो उसने दो टूक जवाब दे दिया।

ङ) उलटी गंगा बहाना – नियम के विरुद्ध काम करना।

प्रयोग– कामचोर शिवानी ने पूरे घर की सफ़ाई कर आज उलटी गंगा बहा दी।

च) आकाश-पाताल एक करना – बहुत कठिन परिश्रम करना।

प्रयोग– परीक्षा में प्रथम आने के लिए दृश्या ने आकाश-पाताल एक कर दिया है।

HELPLINE PUBLICATIONS (P) LTD. ©

6. निम्नलिखित वाक्यों के उद्देश्य और विधेय अलग-अलग लिखिए–

		उद्देश्य	विधेय
क)	साँईं आँखों से ओझल हो गया।	साँईं	आँखों से ओझल हो गया।
ख)	मोहन के पिता आश्चर्य से उन्हें देखते रह गए।	मोहन के पिता	आश्चर्य से उन्हें देखते रह गए।
ग)	भारतीय सैनिकों की वीरता विश्व प्रसिद्ध है।	भारतीय सैनिकों	की वीरता विश्व प्रसिद्ध है।
घ)	मेरे भाई ने पुस्तक केंद्र से पुस्तकें खरीदीं।	मेरे भाई ने	पुस्तक केंद्र से पुस्तकें खरीदीं।
ङ)	गंगा भारत की प्रमुख नदी है।	गंगा	भारत की प्रमुख नदी है।

7. निम्नलिखित के सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए–

क) 'सराहना' शब्द का विलोम है–
उलाहना ✓

ख) 'स्वाभाविक' शब्द में प्रत्यय है–
इक ✓

ग) 'यत्न' शब्द का पर्याय है–
कोशिश ✓

घ) 'पाश्चात्य' शब्द है–
विशेषण ✓

3 टॉर्च बेचने वाला

मौखिक प्रश्न

1. सही उत्तर चुनकर सही (✓) का चिह्न लगाइए–

क) लेखक का मित्र पहले क्या कार्य करता था?
टॉर्च बेचता था ✓

ख) मंच पर बैठा भव्य पुरुष कौन था?
लेखक के मित्र का मित्र था ✓

ग) संत पुरुष लोगों को शाश्वत ज्योति जगाने के लिए कहाँ बुला रहे थे?
साधना मंदिर में

2. इन प्रश्नों के उत्तर बताइए–

क) लेखक का मित्र किस समस्या से परेशान था?
उ० पैसा कैसे कमाया जाए इस समस्या से लेखक का मित्र परेशान था।

ख) क्या लेखक का मित्र वायदे के अनुसार नियत स्थान पर पहुँचा?
उ० नहीं, लेखक का मित्र वायदे के अनुसार नियत स्थान पर नहीं पहुँचा।

ग) लेखक के मित्र ने अपनी समस्या का समाधान कैसे किया?
उ० वह पैसा कमाने लेखक की विपरीत दिशा में चल दिया।

लिखित प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

भव्य पुरुष मंच से उतरकर कार पर चढ़ रहे थे। मैंने उन्हें ध्यान से देखा, उनकी दाढ़ी बढ़ी हुई थी। इसलिए थोड़ा झिझका, पर मेरी तो दाढ़ी नहीं थी। मैं तो उसी मौलिक रूप में था। उन्होंने मुझे पहचान लिया। बोले, "अरे तुम!" मैं पहचानकर बोलने वाला ही था कि उन्होंने मेरा हाथ पकड़कर कार में बैठा लिया। मैं फिर कुछ बोलने लगा तो उन्होंने कहा, "बँगले तक कोई बातचीत नहीं होगी। वहीं ज्ञानचर्या होगी।" मुझे याद

HEARLINE PUBLICATIONS © (P) LTD.

आ गया, वहाँ ड्राइवर है।

क) भव्य पुरुष कौन थे और कहाँ जा रहे थे?

उ॰ भव्य पुरुष लेखक का मित्र था और कार से अपने बँगले पर जा रहे थे।

ख) उसने भव्य पुरुष को क्यों नहीं पहचाना?

उ॰ लेखक ने भव्य पुरुष को इसलिए नहीं पहचाना क्योंकि उसकी दाढ़ी बढ़ी हुई थी।

ग) भव्य पुरुष ने उस व्यक्ति को गाड़ी में बात करने से क्यों रोका?

उ॰ भव्य पुरुष ने उस व्यक्ति को गाड़ी में बात करने से इसलिए रोका ताकि कहीं ड्राइवर उनकी बातचीत न सुन ले।

घ) 'पुरुष' शब्द का विलोम होगा–

स्त्री (✓)

ङ) 'ड्राइवर' शब्द किस भाषा से आया है?

अंग्रेज़ी (✓)

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

लघूत्तरीय प्रश्न–

क) बहुत दिनों बाद लेखक को उसका मित्र किस रूप में दिखाई दिया?

उ॰ बहुत दिनों बाद लेखक को उसका मित्र भव्य पुरुष के रूप में दिखाई दिया।

ख) लेखक का मित्र क्या कहकर लोगों को टॉर्च बेचता था?

उ॰ भाइयो! यह सही है कि अँधेरा है। मगर प्रकाश भी है जो अंधकार को दूर भगा देता है। इसी वक्त 'सूरज छाप' टॉर्च खरीदो और अँधेरे को दूर करो। जिन भाइयों को चाहिए, हाथ ऊँचा करें।

ग) लेखक का मित्र किस कंपनी का टॉर्च बेचता था?

उ॰ लेखक का मित्र 'सूरज' कंपनी का टॉर्च बेचता था।

घ) लेखक के मित्र ने काम-धंधा करने की बात क्यों सोची?

उ॰ लेखक के मित्र ने काम-धंधा करने की बात पैसा कमाने के लिए सोची।

विस्तारपूर्वक उत्तर लिखिए–

क) लेखक को ऐसा क्यों लगा कि उसका मित्र संन्यास ले रहा है?

उ॰ लेखक का मित्र चौराहे पर टॉर्च बेचता था। वह कुछ दिन लेखक को दिखाई नहीं दिया। जब दिखा तो उसकी दाढ़ी बढ़ी हुई थी। उसने लंबा कुरता पहन रखा था। लेखक के पूछने पर उसने बताया कि अब उसने टॉर्च बेचना बंद कर दिया है। अब उसकी आत्मा के भीतर टॉर्च जल गया है। अब सूरज छाप टॉर्च व्यर्थ मालूम होती है। मित्र की इसी बात को सुनकर लेखक को लगा कि उसका मित्र संन्यास ले रहा है।

ख) लेखक के मित्र और उसके मित्र की बातों में क्या समानता थी?

उ॰ लेखक के मित्र और उसके मित्र की बातों में यह समानता थी कि दोनों ही एक समान बातें कहते थे। बस अंतर इतना था कि लेखक का मित्र अपनी बात को सीधे ढंग से कहता था जबकि उसका मित्र उन्हीं बातों को रहस्यात्मक ढंग से कहता था।

ग) किस घटना ने लेखक के मित्र की जीवन दशा बदल दी?

उ॰ जिस घटना ने लेखक के मित्र की जीवन दशा बदल दी वह इस प्रकार है–

लेखक का मित्र और उसका मित्र पैसा कमाने के लिए अलग-अलग दिशाओं में गए। लेखक के मित्र ने चौराहे पर टॉर्च बेचने का धंधा शुरू कर दिया। पाँच साल बाद जब लेखक का मित्र अपने मित्र से मिला तो उसने देखा कि वह तो संत बनकर हज़ारों लोगों को प्रवचन दे रहा है और बड़े ठाठ से रह रहा है। उसे देखकर लेखक का मित्र भी टॉर्च का धंधा छोड़कर संत बन गया। ताकि वह भी लोगों से धन बटोर सके।

घ) इस पाठ के माध्यम से लेखक ने किन लोगों पर व्यंग्य किया है?

उ॰ इस पाठ में लेखक ने उन लोगों पर व्यंग्य किया है जो साधु-संत के वेश में समाज में फैल अंधकार को बढ़ा-चढ़ाकर एवं भयावह रूप में प्रस्तुत करने का ढोंग करते हैं। वे आत्मा-परमात्मा का हवाला देकर अपनी लुभावनी बातों के जाल में लोगों को फँसाकर उनकी

HEMLET PUBLICATIONS © PVT. LTD.

गाढ़ी कमाई को दोनों हाथों से लूटकर ऐशो-आराम करते हैं।

3. उचित शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए–

क) वह पहले चौराहे पर बिजली के **टॉर्च** बेचा करता था। (बल्ब / टॉर्च)

ख) आप अपनी ही आत्मा को **घायल** कर रहे हैं। (घायल / पागल)

ग) मैं अपने दोस्त के साथ **हताश** बैठा था। (हताश / प्रसन्न)

घ) **पाँच** साल बाद ठीक इसी वक्त हम यहाँ मिलेंगे। (सात / पाँच)

भाषा के झरोखे से

1. निम्नलिखित विलोम शब्दों का उचित मिलान कीजिए–

मानव ⟶ दानव

गलत ⟶ सही

कटु ⟶ मधुर

नीरस ⟶ सरस

कायर ⟶ वीर

शिष्ट ⟶ अशिष्ट

2. गलत पर्यायवाची शब्द पर (✓) का चिह्न लगाइए–

प्रकाश	–	रोशनी	( )	उजाला	( )	अँधेरा	(✓)	ज्योति	( )
नर	–	मनुष्य	( )	पुरुष	( )	मानव	( )	नारी	(✓)
आकाश	–	धरती	(✓)	आसमान	( )	अंबर	( )	व्योम	( )
ईश्वर	–	प्रभु	( )	परमेश्वर	( )	जगदीश	( )	रत्नाकर	(✓)

3. निम्नलिखित शब्दों में 'ता' प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाइए–

गंभीर	+	ता	=	**गंभीरता**					
मानव	+	ता	=	मानवता	लघु	+	ता	=	लघुता
मूर्ख	+	ता	=	मूर्खता	सुंदर	+	ता	=	सुंदरता
मित्र	+	ता	=	मित्रता	पशु	+	ता	=	पशुता

4. निम्नलिखित शब्दों को सही शीर्षक तक रेखा खींचकर मिलाइए–



5. निम्नलिखित शब्दों से विपरीत अर्थ वाले शब्द-युग्म बनाइए–

सुख, जल, ऊँच, राजा, जीत, दुख, रानी, आशा, थल, अमीर, हार, निराशा, दिन गरीब, रात, नीच

उ॰ सुख-दुख, जल-थल, ऊँच-नीच, राजा-रानी, जीत-हार, आशा-निराशा, अमीर-गरीब, दिन-रात

HELPLINE PUBLICATIONS (P) LTD. ©

6. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए–

क) हँसी-खुशी उदाहरण है–
आगत शब्द का (✓)

ख) 'उँगली' उदाहरण है–
तदभव शब्द का (✓)

ग) 'आग' का तत्सम शब्द है–
अग्नि (✓)

घ) 'संन्यासी' शब्द का स्त्रीलिंग है–
संन्यासिनी (✓)

7. निम्नलिखित शब्दों के सही विलोम पर सही (✓) का चिह्न लगाइए–

क) सौभाग्य
दुर्भाग्य (✓)

ख) सुगंध
दुर्गंध (✓)

ग) सदुपयोग
दुरुपयोग (✓)

घ) स्वाधीन
पराधीन (✓)

8. निम्नलिखित वाक्यों में कोष्ठक में निर्देशित संज्ञा प्रकार वाले शब्द को रेखांकित कीजिए–

क) मित्र की <u>प्रसन्नता</u> का ठिकाना नहीं रहा। (भाववाचक संज्ञा)

ख) वह किस <u>कंपनी</u> का टॉर्च बेचता था। (जातिवाचक संज्ञा)

ग) <u>आसमान</u> को छूता हुआ सवाल खड़ा था। (व्यक्तिवाचक संज्ञा)

घ) उसकी <u>धूर्तता</u> मित्र समझ रहा था। (भाववाचक संज्ञा)

9. रंगीन शब्दों के वचन बदलकर लिखिए–

क) अपने <u>दोस्तों</u> से खुलकर बातें की। – अपने दोस्त से खुलकर बातें की।

ख) इन पाँच <u>सालों</u> में क्या करते रहे। – इन पाँच साल में क्या करते रहे।

ग) उसकी पुस्तक पुरानी <u>थी</u>। – उसकी पुस्तकें पुरानी थीं।

घ) क्या लेखक का <u>मित्र</u> वहाँ पहुँचा? – क्या लेखक के मित्र वहाँ पहुँचे।

4 शरारती शरत

मौखिक प्रश्न

1. सही उत्तर चुनकर सही (✓) का चिह्न लगाइए–

क) शरत को पाठशाला में कब भरती किया गया?
पाँच वर्ष की उम्र में (✓)

ख) शरत ने गुरु जी की चिलम में क्या रख दिया था?
ईंट के छोटे-छोटे टुकड़े (✓)

ग) नाना के घर में बच्चों को क्या आदेश दिया गया था?
पढ़ने का (✓)

घ) शरत तपोवन में किसको ले गया था?
अपने मामा को (✓)

© HELPLINE PUBLICATIONS (P) LTD.

2. इन प्रश्नों के उत्तर बताइए–

क) शरत को पाठशाला में कब और क्यों भरती कराया गया?

उ० पाँच वर्ष की उम्र में ताकि उसकी शरारतें रुक जाएँ।

ख) शरत ने लड़के को धक्का क्यों दिया?

उ० क्योंकि उसने पंडित जी को शरत का नाम बता दिया था।

ग) शरत तपोवन में क्यों जाता था?

उ० एकांत में बैठकर सोच-विचार करने के लिए।

घ) शरत अपने नाना के घर क्यों जाता था?

उ० शरारतें करने।

लिखित प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

बड़े होकर भी वह सेवा करना नहीं भूला। न जाने प्लेग के कितने रोगियों की उसने सेवा-सुश्रूषा की। होम्योपैथिक दवाओं का बक्स लिए वह घर-घर घूमा करता।

लेकिन यह सब कुछ होने पर भी पढ़ने में वह पीछे नहीं रहता था। बार-बार इधर-उधर भागने के कारण वह पिछड़ भी जाता तो इतना अधिक परिश्रम करता कि सबसे आगे आकर दम लेता।

क) बड़े होकर भी वह कौन-सा काम नहीं भूला?

उ० बड़े होकर भी वह सेवा करना नहीं भूला।

ख) पढ़ाई के अलावा वह क्या-क्या करता था?

उ० पढ़ाई के अलावा वह गरीबों की सेवा, रोगियों की सेवा–सुश्रूषा आदि कार्य करता था।

ग) वह घर-घर क्यों जाता था?

उ० प्लेग के रोगियों की सेवा-सुश्रूषा करने वह घर-घर जाता था।

घ) गद्यांश से दो भाववाचक संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए।

उ० सेवा, परिश्रम

ङ) 'सबसे आगे आकर दम लेना' का अर्थ है–

पहले आगे आना फिर साँस लेना	( )	सदा समय पर आना	( )
कक्षा में प्रथम आना	(✓)	पीछे से आगे आना	( )

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

लघूत्तरीय प्रश्न–

क) शरतचंद्र किस साहित्य के लेखक थे और उन्होंने कब लिखना आरंभ किया?

उ० शरतचंद्र बंगला कथा साहित्य के लेखक थे। उन्होंने स्कूल में पढ़ते समय ही लिखना शुरू कर दिया था।

ख) बगीचे से अमरूद चुराकर शरत क्या करता था?

उ० बगीचे से अमरूद चुराकर शरत गरीबों को बाँट देता था।

ग) पंडित जी को गुस्सा क्यों आया? गुस्से में उन्होंने क्या किया?

उ० पंडित जी को इसलिए गुस्सा आया क्योंकि शरत ने उनकी चिलम में से तंबाकू हटाकर ईंट के छोटे-छोटे टुकड़े रख दिए थे। गुस्से में पंडित जी बेंत उठाकर शरत की ओर लपके।

घ) शरत अपनी पढ़ाई की कमी को कैसे पूरा करता था?

उ० शरत रात-भर पढ़कर अपनी पढ़ाई की कमी को पूरा करता था।

विस्तारपूर्वक उत्तर लिखिए–

क) किस घटना से आपको लगा कि शरत अन्याय सहन नहीं कर सकता था?

उ० एक दिन सड़क पर एक गोरे साहब ने एक मास्टर जी को चाबुक से अकारण ही बुरी तरह पीटा। जब शरत और राजू को यह बात पता

HELLINE PUBLICATIONS © PVT. LTD.

चली तो उन्हें बहुत क्रोध आया और अगले दिन राजू और शरत ने गोरा साहब को घोड़ा-गाड़ी से गिराकर खूब पीटा और गोरा साहब से मना करवाकर ही उसे छोड़ा कि वह कभी किसी बेकसूर के साथ मार-पीट नहीं करेगा। इस घटना से पता चलता है कि शरत अन्याय सहन नहीं कर सकता।

ख) शरत का तपोवन कहाँ और कैसा था?

उ॰ शरत का तपोवन गंगा के किनारे जंगल में था। तपोवन बहुत शांत और मनोरम था। जंगल में एक जगह नीम और करौंदे के पेड़ थे। बीच में एक कुंज बन गया था वहाँ थोड़ी-सी साफ सुथरी जगह थी। हरी-भरी लताओं के भीतर से सूरज की उज्ज्वल किरणें छन-छन कर आती थीं और सुंदर हरा प्रकाश वहाँ फैल जाता था। वहीं बीच में एक बड़े पत्थर पर शरत जाकर बैठता था।

ग) शरत अपने नाना के घर जाकर क्या-क्या शरारत करता था?

उ॰ जब शरत अपने नाना के घर जाता था तो वह तितलियाँ, नेवला, कुत्ता पालता था, तरह-तरह के फूल लगाता था, पतंग उड़ाता था, लट्टू नचाता था, गोली और गुल्ली-डंडा खेलता था। वह मालियों की आँख से बचकर अमरूद चुराता था, मछुआरों को चकमा देकर मछली उठा लाता था। नाना के यहाँ शरत का समय इन्हीं शरारतों में गुज़रता था।

घ) अपनी शरारतों के बीच शरत कहाँ गायब हो जाता था और क्यों?

उ॰ अपनी शरारतों के बीच शरत जंगल में स्थित तपोवन में गायब हो जाता था। क्योंकि वहाँ एकांत में बैठकर वह शांति से बड़ी-बड़ी बातें सोचा करता था। उसे तपोवन की शांति और सुंदरता बहुत भाती थी।

भाषा के झरोखे से

1. निम्नलिखित शब्दों में उपसर्ग और मूल शब्द अलग करके लिखिए–

	उपसर्ग		मूल शब्द		उपसर्ग		मूल शब्द
अधर्म	अ	+	धर्म	अज्ञान	अ	+	ज्ञान
अपशब्द	अप	+	शब्द	अनमोल	अन	+	मोल
बेकार	बे	+	कार	आमरण	आ	+	मरण
अवगुण	अव	+	गुण	अनजान	अन	+	जान

2. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–

गंगा	–	भागीरथी, मंदाकिनी	सूरज	–	दिनकर, भास्कर
हिमालय	–	गिरिराज, पर्वतराज	चंद्रमा	–	शशि, मयंक
नदी	–	सरिता, तटिनी	बालक	–	शिशु, बाल

3. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए–

पंडित	–	पंडिताइन	लड़का	–	लड़की
नाना	–	नानी	गुणवान	–	गुणवती
बुद्धिमान	–	बुद्धिमती	सदस्य	–	सदस्या

4. नीचे दिए गए शब्दों के अलग-अलग अर्थ लिखिए तथा कॉपी पर वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि उनका अर्थ-भेद स्पष्ट हो जाए–

सोना – एक धातु, सोने की क्रिया।

प्रयोग – आजकल **सोने** के आभूषण खरीदना बहुत कठिन है।
पड़े-पड़े खाना और **सोना** बीमारी को बुलावा देना है।

उत्तर – जवाब, एक दिशा।

प्रयोग – मुझे मेरे प्रश्न का **उत्तर** अभी चाहिए।
बच्चो! अब हमें **उत्तर** दिशा की ओर सौ कदम चलना है।

भेद – अंतर, रहस्य।

प्रयोग – हमें आपस में **भेद**-भाव की भावना नहीं रखनी चाहिए।
किसी के मन का **भेद** जान लेना असंभव है।

HELPLINE PUBLICATIONS © (P) LTD.

घटना – वाकया, कम होना।

प्रयोग – किसी अप्रिय **घटना** से बचने के लिए मेले में पुलिस का प्रबंध किया गया है।
कल रात से यमुना नदी का जलस्तर **घटना** शुरू हो गया है।

5. निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्द छाँटिए–

		सर्वनाम
क)	माँ के हाथों उसे मार खानी पड़ी।	उसे
ख)	मैं न जाने क्या-क्या सोचा करता हूँ।	मैं
ग)	फिर किसी को मारोगे?	किसी
घ)	आप उन्हें याद करते हैं?	आप, उन्हें

6. निम्नलिखित में सही विकल्प के आगे सही (✔) का चिह्न लगाइए–

क)	संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होता है–	सर्वनाम	(✓)
ख)	व्यक्तिवाचक संज्ञा का उदाहरण है–	कमल	(✓)
ग)	पुरुष या स्त्री का बोध कराने वाले शब्द कहलाते हैं।	लिंग	(✓)

6 हेर-फेर

मौखिक प्रश्न

1. सही उत्तर चुनकर सही (✓) का चिह्न लगाइए–

क) झोंपड़े से धुएँ को आकाश में चक्कर काटते देख मज़दूर ने क्या समझा?
उसकी माँ उसके लिए खाना बना रही है (✓)

ख) 'मज़दूर के ब्याह की कल्पना मिट्टी में मिल गई' इसका अर्थ है–
उम्मीद पर पानी फिर गया (✓)

ग) 'आखिर दुनिया को हमारी क्या ज़रूरत है?' ऐसा मज़दूर ने क्यों कहा?
लोगों के व्यवहार से दुखी होकर (✓)

2. इन प्रश्नों के उत्तर बताइए–

क) मज़दूर शहर से किस ओर चला था?

उ० मज़दूर शहर से मज़दूरों की बस्ती की ओर चला था।

ख) माँ खाना बना रही है, मज़दूर को यह कैसे पता चला?

उ० अपने कच्चे झोंपड़े से निकलते धुएँ को आकाश में चक्कर काटते देखकर।

ग) मज़दूर को एक तरफ़ हटने के लिए किसने और क्यों कहा?

उ० बारात के आगे चल रहे नौकरों ने मज़दूर को एक तरफ़ हटने के लिए कहा।

घ) सड़क के किनारे गलीचे पर कौन बैठा था और क्यों?

उ० मज़दूर जो रईस बन गया था वह सड़क किनारे गलीचे पर बैठा था क्योंकि उसे आराम करना था।

लिखित प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

बारातवालों ने उसे पीटा, उसकी चादर फाड़ दी और उसे उठाकर सड़क के किनारे झाड़ियों में फेंक दिया।

बारात चली गई। बारात के बाजों का शोर धीरे-धीरे दूर जाकर शहर के प्रकाश में विलीन हो गया। अकेला मज़दूर था। उसके चारों तरफ़ रात का सन्नाटा था, निराशा का अँधेरा था और दुखी दिल की आहें थी। वह घुटनों के बल धरती पर बैठ गया और अपनी सजल आँखों से आकाश की ओर देखकर बोला, "हे प्रभो! हमारे पास न धन-दौलत है, न महल-अटारियाँ, न नौकर-चाकर। फिर तूने हमें पैदा क्यों किया? क्या सिर्फ़

HELPLINE PUBLICATIONS (P) LTD.

इसलिए कि अमीरों के नौकर आएँ और हमें मार-पीटकर उठाकर सड़क के किनारे फेंक दें! आखिर दुनिया को हमारी क्या ज़रूरत है?"

क) बारातवालों ने मज़दूर को कहाँ फेंक दिया?

उ० बारातवालों ने मज़दूर को सड़क के किनारे झाड़ियों में फेंक दिया।

ख) 'शोर धीरे-धीरे शहर के प्रकाश में विलीन हो गया' से क्या तात्पर्य है?

उ० इसका तात्पर्य यह है कि बारात शहर में जा पहुँची।

ग) मज़दूर धरती पर क्यों बैठ गया?

उ० मज़दूर का मन निराश और दुखी था, इसलिए वह धरती पर बैठ गया।

घ) 'रात का सन्नाटा' का विपरीतार्थक वाक्यांश लिखिए।

उ० दिन की चहल-पहल।

ङ) 'सजल' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?

सु ✓

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

लघूत्तरीय प्रश्न–

क) मज़दूर के घर की क्या स्थिति थी?

उ० मज़दूर का घर एक कच्चा झोंपड़ा था, जिसमें एक चूल्हा और दो-चार बर्तन थे।

ख) बारात देखकर मज़दूर क्या सोच रहा था?

उ० बारात देखकर मज़दूर सोच रहा था कि कभी उसका भी विवाह होगा और ऐसी ही बारात निकलेगी। उसे बहुत खुशी होगी। बाजे बजेंगे।

ग) 'एक तरफ़ हट जा छोकरे' किसने और क्यों कहा?

उ० 'एक तरफ़ हट जा छोकरे' यह बात बारात के साथ चल रहे नौकरों ने मज़दूर से कही क्योंकि नौकर चाहते थे कि वह बारात के रास्ते से दूर हट जाए।

घ) बारातवालों ने मज़दूर के साथ कैसा व्यवहार किया?

उ० बारातवालों ने मज़दूर को पीटा, उसकी चादर फाड़ दी और उसे उठाकर सड़क के किनारे झाड़ियों में फेंक दिया।

विस्तार से उत्तर लिखिए–

क) मज़दूर ने भगवान से क्या प्रार्थना की?

उ० मज़दूर ने भगवान से यह प्रार्थना की कि "हे प्रभु! हमारे पास न धन-दौलत है, न महल-अटारियाँ, न नौकर-चाकर। फिर तूने हमें पैदा क्यों किया? क्या सिर्फ़ इसलिए कि अमीरों के नौकर आएँ और हमें मार-पीटकर उठाकर सड़क के किनारे फेंक दें। आखिर दुनिया को हमारी क्या ज़रूरत है?"

ख) मज़दूर धनी कैसे बना? उसके धनी बनने का तरीका उचित था या अनुचित? लिखिए

उ० मज़दूर ने जी-जान से काम किया। न दिन में आराम किया न रात को ठीक से सोया। चालबाज़ी, छल-कपट, धोखेबाजी से धन कमाया और धनी बन गया। उसके धनी बनने का तरीका अनुचित था। सच्चा धनवान वही होता है जो ईमानदारी से परिश्रम करके धन कमाता है।

ग) धनी बन जाने पर मज़दूर के जीवन में क्या बदलाव आया?

उ० धनी बन जाने पर मज़दूर का जीवन ही बदल गया। वह नगर का नामी रईस बन गया। उसके पास भरपूर रुपया-पैसा हो गया। वह एक महल में रहने लगा। उसकी सेवा के लिए दास-दासियाँ थीं। सवारी के लिए घोड़े और पालकियाँ थीं। लोग उसके सामने सिर झुकाकर आते थे।

घ) पाठ में मज़दूर ने भगवान से दो बार शिकायत की? दोनों शिकायतों में क्या अंतर है? लिखिए।

उ० मज़दूर की दोनों शिकायतों में अंतर यह है कि पहली शिकायत में उसने अपनी निर्धनता और अमीरों के अत्याचार पर मन की पीड़ा प्रकट की है जबकि दूसरी शिकायत में उसने मज़दूरों के अभावग्रस्त जीवन का उपहास उड़ाते हुए उनके जीवन को व्यर्थ कहा है।

ङ) सड़क के किनारे गलीचे पर कौन बैठा था और क्यों?

उ० मज़दूर जो रईस बन गया था वह सड़क किनारे गलीचे पर बैठा था क्योंकि उसे आराम करना था।

HELPLINE PUBLICATIONS © (P) LTD

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

क) मज़दूर चीखें मारते हुए **इधर-उधर** भागने लगे।

ख) उसके घर में सिवाय बूढ़ी माँ के और कोई **सगा-संबंधी** न था।

ग) एक चूल्हे और दो-चार बरतनों के अलावा और कोई **साज़-सामान** न था।

घ) अमीर के नौकर आएँ और हमें **मार-पीटकर उठा** सड़क के किनारे फेंक दें।

ङ) मज़दूर ने **जी-जान** से काम किया।

भाषा के झरोखे से

1. निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए–

सन्नाटा	–	चहल-पहल	धनी	–	निर्धन
नौकर	–	मालिक	आशा	–	निराशा
कल्पना	–	यथार्थ	सजल	–	निर्जल
रईस	–	गरीब	अभागा	–	भाग्यवान

2. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि उनके अलग-अलग अर्थ स्पष्ट हो जाएँ–

लाल – लाल बहादुर शास्त्री भारतमाता के सच्च **लाल** थे।

लाल – मेरे पास **लाल** रंगी की दो कमीज़ें हैं।

पर – मैंने तुम्हारी प्रतीक्षा की **पर** तुम न आए।

पर – इस चिड़िया के **पर** भीग गए हैं, इसलिए उड़ नहीं पा रही है।

उत्तर – पूरी कक्षा में केवल एक बालिका ने ही प्रश्न का सही **उत्तर** दिया।

उत्तर – हिमालय पर्वत **उत्तर** दिशा में स्थित है।

3. निम्नलिखित श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्दों के उचित अर्थ लिखिए–

आदि	–	प्रारंभ	आगत	–	आया हुआ
आदी	–	आदतवाला	अगत	–	महावत हाथी को आगे बढ़ाने के लिए
अन्य	–	दूसरा	अमित	–	सीमाहीन
अन्न	–	अनाज	अमीत	–	शत्रु, जो मीत न हो

4. निम्नलिखित शब्दों में से क्रिया शब्द के सामने (✔) का चिह्न लगाइए–

जाना (✓)

करना (✓)

फेंकना (✓)

भीगना (✓)

बैठना (✓)

5. कोष्ठक में दी गई क्रिया का उचित रूप लिखकर वाक्य पूरे कीजिए–

क) मज़दूर के ब्याह की कल्पना मिट्टी में **मिल** गई। (मिलना)

ख) मज़दूर चीखें मारते हुए इधर-उधर **दौड़ने** लगे। (दौड़)

ग) हमें पौष्टिक भोजन **करना** चाहिए। (खाकर)

घ) छोटा बच्चा दूध **पीता** है। (पी)

6. निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन वाक्यांशों के स्थान पर दिए गए मुहावरों में से उचित मुहावरे चुनकर प्रयोग कीजिए और वाक्यों को पुनः लिखिए–

आँख का तारा, पौ बारह होना, गागर में सागर भरना, ईद का चाँद होना, दुम दबाकर भागना

1. बिल्ली को देखते ही चूहा डर कर भाग गया।

उ॰ बिल्ली को देखते ही चूहा दुम दबाकर भाग गया।

HELPLINE PUBLICATIONS (I) PVT. LTD.

2. अमर अपने माता-पिता को बहुत प्यारा है।

उ० अमर अपने माता-पिता की आँख का तारा है।

3. इस बार व्यापारी को गेहूँ के व्यापार में बहुत फ़ायदा हुआ।

उ० इस बार व्यापारी को गेहूँ के व्यापार में पौ बारह हो गई।

4. कबीर ने अपने दोहों में बहुत कुछ कह दिया है।

उ० कबीर ने अपने दोहों में गागर में सागर भर दिया है।

5. परीक्षा के दिन नज़दीक होने से दीपक बहुत कम दिखाई देता है।

उ० परीक्षा के दिन नज़दीक होने से दीपक ईद का चाँद हो गया।

7. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त विशेषणों को रेखांकित कीजिए–

क) एक गरीब मज़दूर सारे दिन काम करता है।

ख) वह मज़दूर बाज़ार से एक किलो चावल लाया।

ग) खिलौनेवाला सुंदर-सुंदर खिलौने बनाता था।

घ) वह नगर का नामी रईस था।

ङ) उसके पास विशाल महल था।

7 सब अपने हैं

मौखिक प्रश्न

1. सही उत्तर चुनकर सही (✓) का चिह्न लगाइए–

क) फूल कैसे खिलते हैं?

हौले-से (✓)

ख) मनुष्य चाक चलाकर क्या बनाता है?

बरतन (✓)

ग) अंकुर से क्या बन जाता है?

जंगल (✓)

घ) इस कविता का शीर्षक क्या है?

सब अपने हैं (✓)

2. इन प्रश्नों के उत्तर बताइए–

क) क्या होता यदि हम पढ़ना-लिखना नहीं जानते?

उ० यदि हम पढ़ना-लिखना नहीं जानते तो प्रकृति को नहीं जान पाते।

ख) हमारे अपने कौन हैं?

उ० सभी अपने हैं।

ग) अंकुर कहाँ से उगता है?

उ० अंकुर मिट्टी से उगता है।

घ) खेल-खेल में मनुष्य ने क्या काम कर लिया?

उ० चाँद की यात्रा कर ली।

लिखित प्रश्न

1. निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

पहले-पहले इनसानों का आग जलाना

© PENCIL PUBLICATIONS (P) LTD.

खेती करना, पेड़ लगाना

पहिए का आकार बनाना

चाक चलाना, बरतन गढ़ना

भाप की ताकत या बिजली पर काबू पाना

एटम का टुकड़ों में बँटना

खेल-खेल में चाँद की धईया छूकर आना

क) सबसे पहले मनुष्य ने क्या सीखा?

उ० सबसे पहले मनुष्य ने आग जलाना सीखा।

ख) खेल-खेल में मनुष्य ने क्या छू लिया?

उ० खेल-खेल में मनुष्य ने चाँद की धरती को छू लिया।

ग) भाप की ताकत को सबसे पहले किसने जाना?

उ० इनसानों ने भाप की ताकत को सबसे पहले जाना।

घ) 'चाँद' शब्द के तीन पर्यायवाची लिखिए।

उ० शशि, मयंक, चंद्रमा।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

लघूत्तरीय प्रश्न–

क) इस कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहता है?

उ० इस कविता के माध्यम से कवि ने शिक्षा के महत्व पर बल दिया है। शिक्षा ही वह साधन है जिससे प्रकृति को ठीक से जान सकते हैं। वैज्ञानिक सोच भी शिक्षा से ही विकसित होती है।

ख) हम मानव-विकास की सच्ची गाथा कैसे समझ सकते हैं?

उ० हम पढ़-लिखकर मानव विकास की सच्ची गाथा समझ सकते हैं।

ग) 'भाप की ताकत' के माध्यम से कवि क्या समझाना चाहता है?

उ० भाप की ताकत के माध्यम से कवि यह समझाना चाहता है कि यदि हम पढ़-लिखकर ज्ञान का सही प्रयोग करना सीख जाएँ तो बड़े-बड़े अचरजपूर्ण कार्य कर सकते हैं।

विस्तारपूर्वक उत्तर लिखिए–

क) 'पढ़ना-लिखना बोझ नहीं है' ऐसा कवि ने किस आधार पर कहा है?

उ० 'पढ़ना-लिखना बोझ नहीं है'। ऐसा कवि ने इस आधार पर कहा है कि पढ़-लिखकर ही मनुष्य ने जाना है कि प्रकृति का उससे गहरा संबंध है। पढ़-लिखकर ही विभिन्न वैज्ञानिक आविष्कार हुए हैं। मनुष्य ने चाँद को भी छू लिया है।

ख) 'सब अपने हैं' का शिक्षा के साथ क्या संबंध हो सकता है?

उ० 'सब अपने हैं' इसका शिक्षा के साथ यह संबंध हो सकता है कि शिक्षा ही हमारे अंदर प्रेम, बंधुत्व एवं सहयोग की भावना का विकास करती है। शिक्षा ही हमें अवगत कराती है कि प्रकृति का प्रत्येक तत्व हमारा अपना है। हम सब एक-दूसरे से किसी-न-किसी रूप में जुड़े हुए हैं।

ग) 'एटम का टुकड़ों में बँटना' से कवि का क्या आशय है?

उ० एटम का टुकड़ों में बँटना से कवि का आशय परमाणु शक्ति की खोज करने से है। मनुष्य ने शिक्षा के बल पर ही परमाणु शक्ति की खोज की और उसका उपयोग करना खीखा।

घ) कविता में कवि ने मानव के विकास की क्या कहानी बताई है?

उ० कविता में कवि ने मानव विकास की कहानी बताते हुए कहा है कि सबसे पहले मानव ने आग जलाना सीखा फिर खेती-बाड़ी सीखी। इसके बाद उसने पहिए का आविष्कार किया। फिर बर्तन बनाने की कला सीखी। जैसे-जैसे मनुष्य का ज्ञान बढ़ता गया वैसे-वैसे वह प्रगति करता गया। उसने भाप की ताकत पहचानी। बिजली का आविष्कार किया। परमाणु शक्ति की खोज की और चाँद की यात्रा भी कर आया।

© HELPLINE PUBLICATIONS (P) LTD.

3. निम्नलिखित पंक्तियों का आशय लिखिए–

उ॰ इन पंक्तियों का आशय यह है कि जिस प्रकार मिट्टी से निकले हुए विभिन्न अंकुर पेड़-पौधे बनकर एक जंगल का रूप धारण कर लेते हैं और एक ही मिट्टी से जन्म लेने के कारण सभी अंकुरों का एक रिश्ता होता है। उसी प्रकार धरती पर जन्मे सभी मनुष्यों के बीच भी एक रिश्ता होता है। सभी की मातृभूमि धरती ही है। शिक्षा के माध्यम से हमें अपने इस रिश्ते की पहचान होती है।

4. नीचे लिखे गए भाव कविता की जिन पंक्तियों में आए हैं, उन्हें लिखिए।

क) मनुष्य ने आग जलाकर ही अपने विकास की ओर पहला कदम रखा।

उ॰ पहले-पहले इनसानों का आग जलाना।

ख) मनुष्य ने भाप और बिजली की शक्ति पर अपना नियंत्रण स्थापित कर उसका सदुपयोग किया।

उ॰ भाप की ताकत या बिजली पर काबू पाना।

भाषा के झरोखे से

1. सही विलोम शब्द के आगे (✓) का चिह्न लगाइए–

शिक्षित	–	अशिक्षित	(✓)
सुबह	–	शाम	(✓)
धरती	–	आकाश	(✓)
फूल	–	काँटा	(✓)
खिलना	–	मुरझाना	(✓)

2. शुद्ध वर्तनी वाले शब्दों के आगे (✓) का चिह्न लगाइए–

धरती	(✓)
नदिया	(✓)
मिट्टी	(✓)
इनसान	(✓)

3. निम्नलिखित शब्दों का समास-विग्रह कीजिए–

रोगयुक्त	–	रोग से युक्त
इंद्रधनुष	–	इंद्र का धनुष
पढ़ना-लिखना	–	पढ़ना और लिखना
यथाशक्ति	–	शक्ति के अनुसार

4. निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकारों को विकल्पों में से चुनिए–

क) खेल-खेल में चाँद की धईया छूकर आना

अनुप्रास अलंकार (✓)

ख) निर्धन के धन-सी तुम आईं।

उपमा अलंकार (✓)

ग) कनक-कनक ते सौ गुनी

यमक अलंकार (✓)

5. निम्नलिखत कविता की पंक्तियों को गद्य रूप में लिखिए–

क) नदियाँ बहती रहती हैं।

ख) बीजों से अंकुर फूटकर जंगल बन जाता है।

ग) प्रयोग करते-करते मनुष्य ने चंद्रमा की धरती को भी छू लिया है।

© HELPLINE PUBLICATIONS (P) LTD.

6. गोले में लिखे शब्द कविता में आए चार शब्दों के पर्यायवाची हैं। कविता से ढूँढ़कर तालिका के शीर्ष स्थानों में लिखिए फिर प्रत्येक के नीचे खानों में उसके पर्यायवाची गोले से चुनकर लिखिए–

धरती	फूल	सागर	चाँद
पृथ्वी	पुष्प	समुद्र	शशि
धरा	सुमन	सागर	चंद्रमा
भूमि	प्रसून	जलधि	शशांक
वसुधा	कुसुम	उदधि	हिमांशु

8 जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क

मौखिक प्रश्न

1. सही उत्तर चुनकर सही (✓) का चिह्न लगाइए–

क) जिम कॉर्बेट पार्क के पास की पहाड़ियों के बीच से कौन-सी नदी बहती है?
रामगंगा (✓)

ख) रिज़ॉर्ट में तालाब के पास लेखक के एक साथी ने किसपर डंडे से वार किया था?
एक साँप पर (✓)

ग) लेखक जिम कार्बेट पार्क किस महीने में गए थे?
जनवरी में (✓)

घ) विदेशी पर्यटक समूह के लोग किस भाषा में बातचीत कर रहे थे?
अंग्रेज़ी भाषा में (✓)

2. उत्तर बताइए–

क) लेखक ने महानगरों के विषय में क्या बात बताई?

उ० महानगर सुविधा संपन्न हैं लेकिन उनकी आबो-हवा खराब है।

ख) जिम कॉर्बेट पार्क भारत के किस राज्य में स्थित है?

उ० जिम कॉर्बेट पार्क भारत के उत्तरांचल राज्य में स्थित है।

ग) विदेशी पर्यटकों ने किस बात पर आपत्ति जताई?

उ० विदेशी पर्यटकों ने साँप को मारने पर आपत्ति जताई।

घ) बच्चे पानी में पत्थर क्यों फेंक रहे थे?

उ० पानी की उछलन देखकर उन्हें आनंद आ रहा था।

3. सही कथन के लिए (✓) और गलत कथन के लिए (✗) का चिह्न लगाइए–

क) इसमें जड़-चेतन सबका साझा था। (✓)

ख) मनुष्यों का जीवन खतरे में नहीं है। (✗)

ग) रिज़ॉर्ट के तालाब में बतख तैर रही थी। (✗)

घ) जंगल में हॉर्न बजाने की अनुमति नहीं थी। (✓)

लिखित प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

उस पार जाकर लगभग एक किलोमीटर की पैदल यात्रा की। किसी की चप्पल टूटी, किसी के पाँव में मोच आई। आगे जाकर नदी के बीचों-बीच एक टीले पर भव्य न सही लेकिन अपनी तरह का विशेष आकर्षक मंदिर दिखाई दिया। वह चढ़ाई किसी ने श्रद्धा भाव से तो किसी ने जिज्ञासावश पूरी की। यह अच्छा है कि प्रसाद मीठा होता है। पैदल चलने पर भूख खूब लगी। लौटकर बोन फ़ायर का आयोजन हुआ।

HEERA PUBLICATIONS (P) LTD. ©

कोई नाचा, किसी ने गीत गाए। आसपास के जंगल और नदी ने भी उस अपनेपन के स्वाद को साझा किया।

क) पैदल यात्रा करते समय क्या-क्या हुआ?

उ० पैदल यात्रा करते समय किसी की चप्पल टूटी, किसी के पाँव में मोच आई।

ख) मंदिर की चढ़ाई चढ़ते समय सबके मन में क्या भावना थी?

उ० मंदिर की चढ़ाई चढ़ते समय किसी के मन में श्रद्धा की भावना थी तो किसी के मन में जिज्ञासा का भाव था।

ग) यह अच्छा है कि प्रसाद मीठा होता है लेखक ने ऐसा क्यों कहा?

उ० 'यह अच्छा है कि प्रसाद मीठा होता है' लेखक ने ऐसा इसलिए कहा है कि प्रसाद की मिठास में सभी लोग पैदल यात्रा की परेशानी एवं कष्ट को भूल गए थे।

घ) 'अपनेपन' का विलोम है–

परायापन

ङ) नदी शब्द का पर्यायवाची है–

तटिनी

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

लघूत्तरीय प्रश्न–

क) लेखक विद्यार्थियों के साथ कब पहुँचे और कहाँ ठहरे?

उ० कुछ साल पहले लेखक जनवरी महीने के अंतिम दिनों में जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क पहुँचे और एक रिज़ॉर्ट में ठहरे।

ख) सोते समय लेखक के मन में कौन-सी इच्छा जाग्रत हुई?

उ० सोते समय लेखक के मन में सुबह सफारी में जंगली जानवरों को देखने की इच्छा जाग्रत हुई।

ग) रिज़ॉर्ट में किसके बीच विवाद हुआ था और क्यों?

उ० रिज़ॉर्ट में लेखक के एक साथी और विदेशी पर्यटक समूह के बीच विवाद हुआ था। क्योंकि लेखक के साथी ने एक साँप को मार दिया था।

घ) जंगल में घूमते समय बच्चों को किस-किस बात का ध्यान रखने को कहा गया?

उ० जंगल में घूमते समय बच्चों से कहा गया था कि जंगल पशु-पक्षियों का घर है और हम सब मेहमान हैं, इसलिए हमें अनुशासन और शालीनता में रहना है।

विस्तारपूर्वक उत्तर लिखिए–

क) हाथियों का झुंड देखकर गाइड ने क्या बताया?

उ० हाथियों का झुंड देखकर गाइड ने बताया था कि कल एक हाथी को क्रोध आ गया था। उसके उत्पात में दो परिवारों के तीन पशु मारे गए थे।

ख) 'राजा को देखना इतना ज़रूरी मान रहे हो। यहाँ की प्रजा क्या कम खूबसूरत है?' लेखक ने ऐसा किस प्रसंग में कहा और क्यों?

उ० लेखक ने उक्त कथन उस प्रसंग में कहा जब वह अपने विद्यार्थियों के साथ जंगल सफारी पर गया था। उसने ऐसा इसलिए कहा क्योंकि विद्यार्थियों को अन्य जानवर तो दिख गए थे, पर अभी उन्हें बाघ नहीं दिखाई दिया था।

ग) सभी लोगों ने उस पार की यात्रा कैसे की? विस्तार से बताइए।

उ० सभी लोगों ने नदी के उस पार की यात्रा पैदल की। पैदल यात्रा में किसी की चप्पल टूटी तो किसी के पाँव में मोच आई। उन्हें नदी के बीचों-बीच एक टीले पर बने मंदिर तक चढ़ाई करनी थी। श्रद्धा भाव एवं जिज्ञासावश अंततः सभी मंदिर तक पहुँच गए।

घ) सभी लोग रिज़ॉर्ट कब पहुँचे? वहाँ का दृश्य कैसा था?

उ० दुपहर में सभी लोग रिज़ॉर्ट पहुँचे। वहाँ का दृश्य अत्यधिक सुंदर और मनोहारी था। जंगल, पर्वत, नदी सभी में अपनापन प्रतीत होता था।

3. आशय स्पष्ट कीजिए–

'महानगरों की रचना उपयोगी है और किसी नज़रिए से सुविधासंपन्न भी, लेकिन इसकी हवा खराब है।'

उ० इस कथन का आशय यह है कि हमारे महानगरों को इस तरह से निर्मित किया गया है कि वे हमारे लिए उपयोगी हैं और हमारे जीवन को सुविधाओं से संपन्न बनाते हैं, लेकिन उनका सामाजिक एवं प्राकृतिक पर्यावरण अत्यधिक दूषित हो चुका है।

© HELPLINE PUBLICATIONS (P) LTD.

भाषा के झरोखे से

1. इन शब्दों के सामने लिखिए कि वे एकवचन हैं या बहुवचन।

पक्षियों	–	बहुवचन	बंदर	–	एकवचन
कवि	–	एकवचन	मंदिरों	–	बहुवचन
मनुष्यों	–	बहुवचन	पर्यटक	–	एकवचन

2. निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए–

बच्चा	–	बचपन	मनुष्य	–	मनुष्यता/मनुष्यत्व
कवि	–	कवित्व	थकना	–	थकावट
हँसना	–	हँसी	अच्छा	–	अच्छाई

3. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए–

गले उतरना	–	समझ में आना
प्रयोग	–	राजेश, तुम चाहे जो कहो पर तुम्हारी बात मेरे गले नहीं उतर रही है।
हाथ बँटाना	–	सहयोग देना
प्रयोग	–	बच्चों को माता-पिता के काम में हाथ बँटाना चाहिए।
दाँत पीसकर रह जाना	–	क्रोध करना।
प्रयोग	–	सोफिया की मूर्खतापूर्ण बातों पर मैं दाँत पीसकर रह गया।
छाती पीटना	–	दुख मनाना।
प्रयोग	–	पुत्र की मृत्यु का समाचार सुनकर उर्वशी छाती पीट-पीटकर रोने लगी।
नाकों चने चबाना	–	बहुत तंग करना।
प्रयोग	–	बात-बात पर पति से झगड़ा करने वाली शीला को बहू ने नाकों चने चबवा दिए हैं।
एक आँख न भाना	–	ज़रा भी अच्छा न लगना।
प्रयोग	–	निजी ज़िंदगी में दखल देने वाले लोग मुझे एक आँख नहीं भाते।

4. निम्नलिखित शब्दों को अकारादि क्रम में लिखिए–

उद्यान	जिज्ञासावश	आकर्षक	अनिवार्य	साम्राज्य
मायूस	उत्पात	संस्मरण	सुखद	

उ॰ अनिवार्य, आकर्षक, उत्पात, उद्यान, जिज्ञासावश, मायूस, संस्मरण, साम्राज्य, सुखद

5. निम्नलिखित शब्दों के संधि-विच्छेद में से सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाइए–

उ॰ अति + अधिक (✓)

इति + आदि (✓)

सु + अस्ति (✓)

अनु + वय (✓)

सु + अच्छ (✓)

6. निम्नलिखित वाक्यों में विराम-चिह्न लगाइए–

क) यहाँ की प्रजा क्या कम खूबसूरत है

उ॰ यहाँ की प्रजा क्या कम खूबसूरत है?

ख) इसका काफ़ी कुछ पालन भी किया गया

उ॰ इसका काफ़ी कुछ पालन भी किया गया।

ग) हाय कितना भयानक था कितना कठिन

उ॰ हाय कितना भयानक था? कितना कठिन?

HELPLINE PUBLICATIONS (P) LTD.

घ) मोहन ने दादी से पूछा ये क्या खाते हैं

उ० मोहन ने दादी से पूछा "ये क्या खाते हैं?"

ङ) हमें अनेक रोचक अनुभव हुए

उ० हमें अनेक रोचक अनुभव हुए।

7. निम्नलिखित के सही विकल्प के आगे सही (✓) का चिह्न लगाइए–

क) 'वार्तालाप' का समानार्थक शब्द है–

बातचीत (✓)

ख) 'जड़' का विपरीतार्थक शब्द है–

चेतन (✓)

ग) 'अनुशासन' में उपसर्ग है–

अनु (✓)

घ) 'निर्बल' का सही भाववाचक संज्ञा शब्द है–

निर्बलता (✓)

9 तोत्तो चान

मौखिक प्रश्न

1. सही उत्तर चुनकर सही (✓) का चिह्न लगाइए–

क) तोत्तो चान की माँ की चिंता का क्या कारण था?

उसे स्कूल से बाहर निकाल दिया गया था (✓)

ख) तोत्तो चान का स्कूल में दाखिला कब हुआ था?

एक सप्ताह पहले (✓)

ग) तोत्तो चान कक्षा की खिड़की के पास खड़ी होकर किससे बात कर रही थी?

अबाबील चिड़िया से (✓)

घ) तोत्तो चान ने झंडे के कितनी तरफ़ झालर बनाए?

तीन तरफ़ (✓)

2. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए–

क) तोत्तो चान की अध्यापिका ने उसकी माँ को क्यों बुलाया था?

उ० तोत्तो चान की अध्यापिका ने उसकी माँ को शिकायत करने के लिए बुलाया।

ख) तोत्तो चान की माँ क्यों घबरा गई थी?

उ० क्योंकि शिक्षिका ने उससे कहा था कि आपकी बेटी पूरी कक्षा को गड़बड़ा देती है।

ग) तोत्तो चान खिड़की के पास क्यों खड़ी रहती थी?

उ० साज़िंदों का संगीत सुनने और अबाबीलों से बात करने के लिए तोत्तो चान खिड़की के पास खड़ी रहती थी।

घ) शिक्षिका अपनी पलकें तेज़ी-से क्यों झपका रही थी?

उ० बौखलाहट के कारण शिक्षिका अपनी पलकें तेज़ी-से झपका रही थी।

3. किसने, किससे कहा–

क) मैं तो अपनी सहनशक्ति की सीमा पार कर चुकी हूँ।

उ० शिक्षिका ने तोत्तो चान की माँ से।

ख) एक नए स्कूल में जाना तुम्हें कैसा लगेगा? मैंने सुना है कि वह बड़ा अच्छा स्कूल है।

उ० माँ ने तोत्तो चान से।

© FREELINE PUBLICATIONS (P) LTD.

ग) क्या तुम्हें लगता है कि साज़िंदे नए स्कूल में भी होंगे?

उ० तोत्तो चान ने माँ से।

घ) इसके अलावा और क्या करती है वह?

उ० माँ ने शिक्षिका से।

लिखित प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

माफ़ी माँगने के लिए माँ का मुँह खुले, इसके पहले ही शिक्षिका ने आगे कहा, "एक और घटना है–ड्रॉईंग की कक्षा थी। मैंने बच्चों से कहा कि वे जापानी झंडा बनाएँ। बाकी बच्चों ने सही बनाया, पर आपकी बेटी ने नौसेना का झंडा बनाया। आप जानती हैं न, वह किरणों वाला झंडा? मैंने सोचा चलो इसमें भी कोई बुराई नहीं है। पर अचानक वह झंडे के चारों ओर झालर बनाने लगी। वैसी झालर जो युवक दलों के झंडों पर होती है। शायद उसने कहीं वैसा झंडा देखा होगा। मैं कुछ समझूँ, उससे पहले ही उसने ऐसी झालर बना डाली कि पूरा कागज़ भर गया। इसलिए जब उसने झालर में भरने के लिए गहरे पीले रंग के क्रेयन-चॉक उठाए तो उसने सैकड़ों छोटे-छोटे निशान कागज़ के बाहर तक बना दिए। मेज़ इतनी गंदी हो गई कि रगड़ने पर भी साफ़ न हो। बस सौभाग्य यही था कि उसने झालर तीन तरफ़ ही बनाई।"

क) शिक्षिका ने बच्चों से किस देश का झंडा बनाने को कहा?

उ० शिक्षिका ने बच्चों से जापान का झंडा बनाने को कहा।

ख) तोत्तो चान ने क्या बनाया?

उ० तोत्तो चान ने नौ सेना का झंडा बनाया।

ग) 'सौभाग्य' शब्द का अर्थ है–

अच्छा भाग्य

घ) 'ड्रॉईंग' और 'क्रेयन-चॉक' शब्द किस भाषा से लिए गए है?

अंग्रेज़ी से

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

लघूत्तरीय प्रश्न–

क) कक्षा में मेज़ खोलने-बंद करने की तोत्तो चान की आदत उसकी माँ को भूल या शैतानी क्यों नहीं लगी?

उ० कक्षा में मेज़ खोलने-बंद करने की तोत्तो चान की आदत उसकी माँ को भूल या शैतानी इसलिए नहीं लगी क्योंकि वह सोचती थी कि बाल सुलभता के कारण वह ऐसा करती है। नयापन खत्म होते ही तो तोत्तो चान ऐसा करना बंद कर देगी।

ख) तोत्तो चान साज़िंदों को क्या करने को कहती थी?

उ० तोत्तो चान साज़िंदों से अपने साज़ बजाने को कहती थी।

ग) तोत्तो चान की माँ ने कक्षा के दूसरे बच्चों के साथ किस अन्याय की बात सोची?

उ० तोत्तो चान की माँ ने कक्षा के दूसरे बच्चों के साथ इस अन्याय की बात सोची कि तोतो चान के कक्षा में क्रिया-कलापों के कारण दूसरे बच्चों की पढ़ाई में व्यवधान होता है जो उचित नहीं है।

घ) 'क्या तुम्हें लगता है कि साज़िंदे भी नए स्कूल में आएँगे?' ऐसा किसने और क्यों पूछा?

उ० यह बात तोत्तो चान ने अपनी माँ से पूछी क्योंकि माँ उससे नए स्कूल में जाने की बात कर रही थी।

विस्तारपूर्वक उत्तर लिखिए–

क) अध्यापिका ने तोत्तो चान की माँ को क्यों बुलाया था और उन्होंने क्या शिकायत की?

उ० अध्यापिका ने तोत्तो चान के स्कूल से निकाले जाने की बात कहने के लिए उसकी माँ को बुलाया था और शिकायत की थी कि तोत्तो चान पूरी कक्षा को गड़बड़ा देती है।

ख) माँ ने तोत्तो चान को स्कूल से निकाले जाने की बात क्यों नहीं बताई?

उ० माँ ने तोत्तो चान को स्कूल से निकाले जाने की बात इसलिए नहीं बताई क्योंकि उसका विचार था कि कहीं तोत्तो चान के बालमन पर इस बात का कोई बुरा प्रभाव न पड़ जाए और उसके मन में हमेशा के लिए एक गाँठ पड़ जाए।

ग) शिक्षिका ने तोत्तो चान की माँ से क्या-क्या शिकायत की?

PEARL PUBLICATIONS (P) LTD.

उ० तोत्तो चान द्वारा बार-बार अपनी मेज़ खोलना, खिड़की में खड़ी होकर साज़िंदों को पुकारना, खिड़की में खड़ी होकर अबाबीलों से बात करना, ठीक से चित्र न बनाना, चित्रकारी के रंगों से मेज़ गंदी करना आदि शिकायतें शिक्षिका ने तोत्तो चान की माँ से कीं।

घ) शिक्षिका ने तोत्तो चान की माँ को क्या कहानी सुनाई?

उ० शिक्षिका ने तोत्तो चान की माँ को उसके बारे में बताते हुए कहा कि वह सैंकड़ों बार अपनी मेज़ खोलती है और बराबर कुछ-न-कुछ निकालती या रखती रहती है। खिड़की में खड़ी होकर कभी साज़िंदों को बुलाकर संगीत का शोर करवाती है और कभी अबाबीलों से बात करती है। वह गलत चित्र बनाती है और उनमें रंग भरते समय मेज़ गंदी कर देती है। शिक्षिका ने आगे बताया कि तोत्तो चान से साथ के कमरे वाली शिक्षिका भी परेशान है।

3. स्पष्ट कीजिए–

'किसी भी तरह की गाँठ वह अपनी बेटी के मन में नहीं बाँधना चाहती थी।'

उ० इस कथन का आशय यह है कि तोत्तो चान को जब स्कूल से निकाल दिया गया तो उसकी माँ ने उसे यह बात नहीं बताई क्योंकि अभी वह अपनी भूल को समझ नहीं सकती थी और माँ को डर था कि बताने से कहीं तोत्तो चान के मन में कोई हीन भावना न उत्पन्न हो जाए।

भाषा के झरोखे से

1. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–

स्कूल	–	विद्यालय, पाठशाला	बेटी	–	पुत्री, तनया
माँ	–	माता, जननी	किताब	–	पुस्तक, पोथी
आनंद	–	हर्ष, प्रसन्नता	आवाज़	–	स्वर, ध्वनि

2. निम्नलिखित शब्दों से उपसर्ग अलग कीजिए–

आवेग	–	आ	अन्याय	–	अ
आजन्म	–	आ	अनुशासन	–	अनु
अकाल	–	अ	अभाव	–	अ
कुपुत्र	–	कु	कुमति	–	कु

3. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बताइए–

अध्यापिका	–	स्त्रीलिंग	माता	–	स्त्रीलिंग
सीमा	–	स्त्रीलिंग	पेंसिल	–	स्त्रीलिंग
अक्षर	–	पुल्लिंग	जिज्ञासा	–	स्त्रीलिंग

4. निम्नलिखित शब्दों में विशेषण शब्द पर (✓) का चिह्न लगाइए–

सुंदर ✓
तीखी ✓
छोटे ✓
मज़ेदार ✓
दुगुना ✓

5. निम्नलिखित शब्द समूहों को उचित क्रम में रखकर वाक्य बनाइए–

क) चिंता का एक कारण माँ की था यह भी।

उ० माँ की चिंता का एक कारण यह भी था।

ख) तीखी शिक्षिका हो गई की आवाज़।

उ० शिक्षिका की आवाज़ तीखी हो गई।

ग) मन में अध्यापिका माँ के सहानुभूति के लिए लगी थी उत्पन्न होने।

उ० माँ के मन में अध्यापिका के लिए सहानुभूति उत्पन्न होने लगी थी।

घ) तोत्तो चान यह जानती वह थी पाएगी समझ ही नहीं कि

HELPLINE PUBLICATIONS © (P) LTD.

उ० वह जानती थी कि तोत्तो चान यह समझ नहीं पाएगी।

ङ) गई हो शिक्षिका खड़ी इसके बाद।

उ० इसके बाद शिक्षिका खड़ी हो गई।

10 एक पत्र इंदिरा के नाम

मौखिक प्रश्न

1. सही उत्तर चुनकर सही (✓) का चिह्न लगाइए–

क) 'मिस्र के फिरऊन' क्या हैं?

पुराने बादशाहों के मकबरे (✓)

ख) पुराने ज़माने में मिस्र में कौन-सी प्रसिद्ध झील थी?

मेरी डू झील (✓)

ग) भव्य मंदिरों के खंडहर कहाँ नज़र आते हैं?

लक्सर और दूसरी जगहों पर (✓)

घ) केंडिया टापू कहाँ स्थित है?

भूमध्य सागर में (✓)

2. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए–

क) इस पत्र में नेहरू जी ने किस देश के विषय में बताया है?

उ० इस पत्र में नेहरू जी ने मिस्र देश के विषय में बताया है?

ख) यह पत्र किसके लिए लिखा गया है?

उ० पं० जवाहरलाल नेहरू द्वारा पुत्री इंदिरा के लिए लिखा गया है।

ग) स्फिंक्स किसे कहते हैं?

उ० औरत के सिर वाली शेर की मूर्ति को स्फिंक्स कहते हैं।

घ) इस पत्र को नेहरू जी ने कब और कहाँ से लिखा था?

उ० इस पत्र को नेहरू जी ने सन् 1930 में नैनी जेल से लिखा था।

लिखित प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

उस ज़माने में भी मिस्र में खेतों को सींचने के लिए अच्छी-अच्छी नहरें और झीलें बनाई जाती थीं। 'मेरी डू' नाम की झील खासतौर पर मशहूर थी। इससे मालूम होता है कि पुराने ज़माने के मिस्रवासी कितने होशियार थे और उन्होंने कितनी तरक्की की थी। इन नहरों, झीलों, और बड़ी-बड़ी मीनारों को अच्छे-अच्छे इंजीनियरों ने ही बनाया होगा।

केंडिया या क्रीट एक छोटा-सा टापू है, जो भूमध्य सागर में है। हम उस टापू के पास से होकर निकले थे। उस छोटे-से टापू पर पुराने ज़माने में बहुत अच्छी सभ्यता विकसित हुई थी। नोसोज में एक बहुत बड़ा महल था, उसके खंडहर अब तक मौजूद हैं। इस महल में स्नानघर और पानी के नल भी थे। अनभिज्ञ लोग इसे नए ज़माने की चीज़ समझते हैं। इसके अलावा वहाँ मिट्टी के खूबसूरत बरतन, पत्थर की नक्काशी, तस्वीरें और धातु तथा हाथी-दाँत के बारीक काम भी किए जाते थे। इस छोटे-से टापू के लोग शांति से रहते थे। उन्होंने खूब तरक्की की थी।

क) उस ज़माने में मिस्र में खेतों की सिंचाई कैसे की जाती थी?

उ० उस समय मिस्र में खेतों की सिंचाई नहरों और झीलों से की जाती थी।

ख) केंडिया या क्रीट क्या है?

उ० केंडिया या क्रीट एक छोटा सा टापू है।

ग) अनभिज्ञ लोग किसे नए ज़माने की चीज़ समझते हैं?

HEDLINE PUBLICATIONS (P) LTD. ©

उ० अनभिज्ञ लोग नोसोज के महल में बने स्नान घर और नलों को नए ज़माने की चीज़ समझते हैं।

घ) 'नक्काशी' शब्द का सही वर्ण ध्वनि विच्छेद है–

न + क् + क् + आ + श् + ई

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

लघूत्तरीय प्रश्न–

क) स्फिंक्स की मूर्ति की क्या विशेषता है?

उ० स्फिंक्स औरत के सिर वाली शेर की मूर्ति है।

ख) ममी किसे कहते हैं?

उ० ममी किसी आदमी या जानवर के मृत शरीर को कहते हैं, जिसमें कुछ ऐसे तेल और मसाले लगा दिए जाते हैं ताकि वह सड़ने न पाए।

ग) ममी के पास वस्तुएँ क्यों रख दी जाती थीं?

उ० ममी के पास वस्तुएँ इसलिए रख दी जाती थी क्योंकि लोगों का विचार था कि शायद मरने के बाद भी उन्हें खाने की आवश्यकता रहेगी।

विस्तारपूर्वक उत्तर लिखिए–

क) नेहरू जी ने केंडिया टापू के बारे में क्या लिखा है?

उ० केंडिया एक छोटा-सा टापू है जो भूमध्य सागर में है। इस टापू पर पुराने जमाने में बहुत अच्छी सभ्यता विकसित हुई थी।

ख) राजा मीदास की क्या कहानी है?

उ० राजा मीदास जिस चीज़ को छू लेता, वह सोना बन जाती थी। वह भोजन नहीं कर सकता था क्योंकि भोजन सोना बन जाता था और सोने को खाया नहीं जा सकता। उसके लालच के कारण उसे यह सज़ा दी गई थी।

ग) पुराने ज़माने में शहरों और गाँव के लोगों के रहन-सहन के बारे में कैसे पता चलता है?

उ० पुराने ज़माने में शहरों और गाँव के लोगों के रहन-सहन के बारे में उनके बनाए हुए बड़े-बड़े मकानों और इमारतों से पता चलता है। उनकी तख्तियों की लिखावट पुरानी किताबों से भी इस बारे में पता चलता है।

घ) पत्र के आधार पर मिस्र देश का वर्णन कीजिए।

उ० मिस्र में अब भी बड़ी-बड़ी मीनार और 'स्फिंक्स' मौजूद हैं। 'स्फिंक्स' औरत के सिर वाले शेर की मूर्ति को कहते हैं। उस औरत के चेहरे पर एक मुरझाई हुई मुस्कुराहट है। मिस्र में बहुत लंबी-चौड़ी मीनारें हैं। ये पुराने बादशाहों के मकबरे हैं। इन मकबरों को 'फिरऊन' कहते हैं। मिस्र में ममी भी बनाई जाती थीं। ममी किसी आदमी या जानवर के मृत शरीर को कहते हैं। यहाँ के हरे-भरे खेतों की सिंचाई के लिए नहरें और झीलें बनाई जाती थीं। इससे पता चलता है कि मिस्रवासियों ने काफी प्रगति कर ली थी और मीनारों, नहरों, झीलों का निर्माण होशियार इंजीनियरों ने किया होगा।

वहाँ के केंडिया टापू के महल, महल के स्नानघर, नलों की व्यवस्था और वहाँ की कलात्मक वस्तुओं को देखकर लगता है कि मिस्र में बहुत अच्छी सभ्यता विकसित हुई थी।

भाषा के झरोखे से

1. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए–

आदमी	–	औरत	बादशाह	–	बेगम
सम्राट	–	सम्राज्ञी	विदुषी	–	विद्वान
पंडित	–	पंडिताइन	कवि	–	कवयित्री
तरुण	–	तरुणी	हाथी	–	हथिनी

2. आप निम्नलिखित युग्म शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए–

बड़ी-बड़ी – कार्यक्रम में देश की बड़ी-बड़ी हस्तियाँ पधार रही हैं।

हँसी-हँसी – मैंने हँसी-हँसी में उसे अपने मन की बात बता दी।

बात-बात – शेखर की पत्नी बात-बात पर झगड़ने को तैयार रहती है।

तरह-तरह – उपवन में तरह-तरह के फूल खिले हुए थे।

HELP PUBLICATIONS © (P) LTD.

3. निम्नलिखित वाक्यों में आए समुच्चयबोधक शब्दों पर (✓) का चिह्न लगाइए–

क) बच्चे को दूध दे दो ताकि वह चुप हो जाए।
ताकि (✓)

ख) राधा ने आज खीर और पुलाव दोनों बनाए हैं।
और (✓)

ग) तुम्हें पढ़ना अधिक पसंद है या खेलना?
या (✓)

घ) बादल छाए हुए हैं लेकिन बारिश नहीं हो रही है।
लेकिन (✓)

4. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए–

चारों ओर पानी से घिरी भूमि	–	टापू
आँखों के सामने होने वाला	–	प्रत्यक्ष
पुरानी चीज़ों का संग्रह-स्थल	–	संग्रहालय
देश-विदेश में घूमने वाला	–	पर्यटक
जल में रहने वाला	–	जलचर
जिसका कोई आकार न हो	–	निराकार

12 शाश्वत यात्रा

मौखिक प्रश्न

1. सही उत्तर चुनकर सही (✓) का चिह्न लगाइए–

क) 'शाश्वत' शब्द का क्या अर्थ है?
सदा रहने वाला (✓)

ख) कवि के अनुसार हर त्रासदी कितने दिनों की मेहमान है?
दो-चार दिन की (✓)

ग) कवि के अनुसार कौन नहीं ठहरता?
जीवन (✓)

2. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए–

क) एटम बम कहाँ गिरा था?
उ० एटम बम जापान में गिरा था।

ख) सुदर्शन नाम किसका है?
उ० सुदर्शन श्रीकृष्ण के चक्र का नाम है।

ग) पीढ़ियों से बेपढ़ा क्या है?
उ० पत्थर पर खुदे कुछ शब्द।

3. सही कथन के लिए (✓) और गलत कथन के लिए (×) का चिह्न लगाइए–

क) जीवन कभी नहीं ठहरता। (✓)

ख) 'गांडीव' कृष्ण का धनुष था। (×)

ग) चीन पर एटम बम गिरा था। (×)

घ) इतिहास के पन्नों पर मनुष्य के जन्म की कहानी लिखी गई। (✓)

HELPLINE PUBLICATIONS © (P) LTD.

लिखित प्रश्न

1. निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

हर धर्म जो वाणी बना
सब अंतत: भाषण हुआ
आँधी उड़ाकर ले गई
अभिशाप हो या हो दुआ
हर एक दिन बहरा रहा
हर शाम भी गूँगी रही
शायद किरन ठिठके कहीं
जीवन ठहरता ही नहीं।

क) हर धर्म से क्या बना?

उ० हर धर्म से वाणी बनी है।

ख) आँधी क्या-क्या उड़ाकर ले गई?

उ० आँधी अभिशाप या दुआ उड़ाकर ले गई।

ग) हर शाम कैसी बनी रही?

उ० हर शाम गूँगी बनी रही।

घ) 'अभिशाप' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?

अभि (✓)

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

लघूत्तरीय प्रश्न

क) कवि ने राक्षसी मेहमान किसे कहा है?

उ० कवि ने राक्षसी मेहमान त्रासदी को कहा है।

ख) काल के पद-चिह्न कहाँ अंकित हैं?

उ० प्रत्येक युग के वृक्ष पर काल के पद-चिह्न अंकित हैं।

ग) कविता में गांडीव शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

उ० कविता में गांडीव शब्द अर्जुन के धनुष के लिए प्रयुक्त हुआ है।

विस्तारपूर्वक उत्तर लिखिए–

क) जीवन क्या-क्या सहते हुए चलता है?

उ० जीवन भूकंप, आग, तूफान, बाढ़ आदि सभी सहते हुए चलता है। आशय यह है कि जीवन में चाहे कितनी ही अप्रिय घटनाएँ हों, वह निरंतर गतिशील रहता है।

ख) 'क्षण वर्ष बन-बन खो गए' कवि ने ऐसा क्यों कहा है?

उ० 'क्षण वर्ष बन-बन खो गए' कवि ने ऐसा इसलिए कहा है क्योंकि जीवन की घटनाओं-दुर्घटनाओं की स्मृतियाँ समय के साथ-साथ मिट जाती है, पर जीवन गतिशील बना रहता है।

ग) कवि ने इस कविता का शीर्षक 'शाश्वत यात्रा' क्यों रखा है?

उ० कवि ने इस कविता का शीर्षक शाश्वत यात्रा इसलिए रखा है क्योंकि इसमें उसने बताया है कि जीवन में चाहे कितने ही दुख और कष्ट आएँ, पर वह रुकता नहीं हैं, चलता रहता है। उसकी यात्रा शाश्वत अर्थात् अमर है।

3. निम्नलिखित पंक्तियों का भावार्थ लिखिए–

हर एक दिन बहरा रहा
हर शाम भी गूँगी रही
शायद किरन ठिठके कहीं

© PEARL PUBLICATIONS (P) LTD.

जीवन ठहरता ही नहीं।

उ॰ इन पंक्तियों का भाव यह है कि जीवन की किसी भी सुखद या दुखद घटना के प्रति दिन और शाम कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं करते, वे सदा एक समान बने रहते हैं। कवि कहता है कि हो सकता है प्रकाश सहसा रुक भी जाए तो भी जीवन की गति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता, वह अपनी स्थिर गति से चलता रहता है।

भाषा के झरोखे से

1. निम्नलिखित शब्दों के सही विलोम के आगे सही (✓) का चिह्न लगाइए–

ठहरेगा	–	चलेगा	(✓)
अभिशाप	–	वरदान	(✓)
दुआ	–	बद्दुआ	(✓)
सृष्टि	–	ध्वंस	(✓)

2. निम्नलिखित विशेषण-विशेष्य का मिलान कीजिए–

विशेषण	**विशेष्य**
प्रत्येक	युग
बिकाऊ	घर
तेज़	आँधी
लंबा	रास्ता
चमकीला	फूल
ऊँचा	पहाड़

3. निम्नलिखित शब्दों के लिए कविता में प्रयुक्त पर्याय लिखिए–

भूचाल	–	भूकंप	महाविपदा	–	त्रासदी
बोली	–	वाणी	कामनारहित	–	निष्काम
धनुष	–	शार्ङ्ग	समय	–	काल
लांछन	–	अभिशाप	संसार	–	सृष्टि

4. निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए–

निष्पाप	–	निः + पाप	निष्कलंक	–	निः + कलंक
निष्कर्ष	–	निः + कर्ष	निष्ठुर	–	निः + ठुर
दुष्परिणाम	–	दुः + परिणाम	दुष्कर्म	–	दुः + कर्म
निष्काम	–	निः + काम	धनुष्टंकार	–	धनुः + टंकार

5. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द चुनकर लिखिए–

क) जिसका कोई सहारा न हो–
बेसहारा

ख) जो पढ़ा जा सके
पठनीय

ग) जिसका कोई शत्रु न हो–
अजातशत्रु

घ) बहुत परिश्रम करने वाला–
परिश्रमी

HELPLINE PUBLICATIONS (P) LTD. ©

13 जब मैंने पहली पुस्तक खरीदी

मौखिक प्रश्न

1. सही उत्तर चुनकर सही (✓) का चिह्न लगाइए–

क) लेखक की प्रिय पुस्तक कौन-सी थी?
स्वामी दयानंद की जीवनी (✓)

ख) लेखक के पिता ने शुरू की पढ़ाई के लिए उन्हें स्कूल क्यों नहीं भेजा?
गलत संगति में पड़कर बुरे संस्कार न सीख ले (✓)

ग) लेखक के पाँचवीं कक्षा में प्रथम आने पर क्या हुआ?
माँ ने गले लगा लिया (✓)

घ) लेखक ने देवदास पुस्तक कितने आने में खरीदी?
दस आने में (✓)

2. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए–

क) लेखक की माता ने किस विद्यालय की स्थापना की और क्यों?

उ० लेखक की माता ने आदर्श कन्या पाठशाला की स्थापना की ताकि स्त्रियाँ शिक्षा प्राप्त कर सकें।

ख) लेखक के पिता ने सरकारी नौकरी क्यों छोड़ दी?

उ० गांधी जी के आह्वान पर।

ग) स्वामी दयानंद कौन थे?

उ० दयानंद तत्कालीन पाखंडों के विरुद्ध अदम्य साहस दिखाने वाले अद्भुत व्यक्ति थे।

घ) लेखक की माँ क्यों चिंतित रहती थीं?

उ० क्योंकि लेखक कक्षा की किताबें नहीं पढ़ता था इसलिए पास कैसे होगा। कहीं साधु बनकर घर से न भाग जाए।

लिखित प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

लाइब्रेरी खुलते ही पहुँच जाता और जब लाइब्रेरियन शुक्ल जी कहते कि बच्चा अब उठो, पुस्तकालय बंद करना है, तब बड़ी अनिच्छा से उठता। जिस दिन कोई उपन्यास अधूरा छूट जाता, उस दिन मन में कसक होती कि काश इतने पैसे होते कि सदस्य बनकर किताब इश्यू करा लाता, या काश इस किताब को खरीद पाता तो घर में रखता। एक बार पढ़ता, दो बार पढ़ता, बार-बार पढ़ता। पर जानता था कि यह सपना ही रहेगा। भला कैसे पूरा हो पाएगा? पिता के देहावसान के बाद तो आर्थिक संकट इतना बढ़ गया कि पूछिए मत। फिर भी मैंने जीवन की पहली साहित्यिक पुस्तक अपने पैसों से कैसे खरीदी, यह आज तक याद है।

क) लेखक लाइब्रेरी से बाहर अनिच्छा से क्यों आता था?

उ० लेखक को पुस्तकें पढ़ने का अत्यधिक शौक था, जब लाइब्रेरियन शुक्ल जी पुस्तकालय बंद करने की कहते तो लेखक लाइब्रेरी से अनिच्छा से बाहर आता था।

ख) उपन्यास अधूरा छूटने पर लेखक के मन में किस बात की कसक होती थी?

उ० उपन्यास अधूरा छूटने पर लेखक के मन में यह कसक होती थी कि काश उसके पास इतने पैसे होते कि वह लाइब्रेरी का रहस्य बनकर किताब इश्यू करा लेता था। वह किताब को खरीद पाता तो उसे बार-बार पढ़ता।

ग) लेखक ने किस सपने के पूरा होने की बात कही है?

उ० अपने पैसों से पुस्तक खरीदने का लेखक का जो सपना था वह कैसे पूरा हुआ इस बारे में लेखक ने बताया है।

घ) 'देहावसान' शब्द का अर्थ है–
मृत्यु (✓)

© HELPLINE PUBLICATIONS (P) LTD.

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

लघूत्तरीय प्रश्न

क) लेखक को स्कूल से कौन-सी दो पुस्तकें इनाम में मिली थीं और क्यों?

उ० लेखक को स्कूल से अंग्रेजी की दो किताबें इनाम में मिली क्योंकि अंग्रेजी में उसके नंबर सबसे ज़्यादा थे।

ख) लेखक की लाइब्रेरी की शुरुआत कब और कैसे हुई?

उ० जब लेखक को स्कूल से अंग्रेजी की दो किताबें इनाम में मिलीं तब उसकी लाइब्रेरी की शुरूआत हुई। पिता ने आलमारी के एक खाने में जगह बनाकर लेखक से दोनों किताबें उसमें रखकर लेखक से कहा कि तुम्हारी यह लाइब्रेरी है।

ग) लेखक की माँ ने उन्हें सिनेमा देखने की अनुमति क्यों दी?

उ० जब माँ को पता चला कि 'दुख के दिन अब बीतत नाही' गाना फिल्म देवदास का है तो उन्होंने लेखक को सिनेमा देखने की अनुमति दे दी।

घ) लेखक ने सिनेमा क्यों नहीं देखा?

उ० लेखक ने सिनेमा इसलिए नहीं देखा कि उसने देवदास फिल्म देखने के स्थान पर 'देवदास' उपन्यास सिर्फ दस आने में ही खरीद लिया था।

विस्तारपूर्वक उत्तर लिखिए–

क) बचपन में लेखक को स्वामी दयानंद की जीवनी क्यों अच्छी लगी?

उ० लेखक को स्वामी दयानंद की जीवनी इसलिए अच्छी लगी क्योंकि वह पुस्तक रोचक शैली में लिखी हुई थी और उसमें चित्र भी थे। स्वामी जी द्वारा मान लेना कि प्रतिमाएँ भगवान नहीं होतीं, स्वामी जी का घर छोड़कर भाग जाना, तीर्थों, जंगलों, गुफाओं, हिमशिखरों पर साधुओं के बीच घूमना और ईश्वर एवं सत्य की खोज में भटकना रूढ़ियों का विरोध करना, अपने हत्यारे को क्षमा कर देना आदि बातें बचपन में लेखक के मन को बहुत रोमांचित करती थीं।

ख) 'हिंदी के माध्यम से सारी दुनिया के कथा-पात्रों से मुलाकात करना कितना आकर्षक था' लेखक ने ऐसा क्यों कहा?

उ० लेखक ने ऐसा इसलिए कहा है कि क्योंकि बचपन में उसे अपने मुहल्ले की लाइब्रेरी 'हरि भवन' में बंकिम चंद्र चटर्जी की 'दुर्गेश नंदिनी', 'कपाल कुंडला' और आनंद मठ, रूसी लेखक लियो टॉलस्टॉय की 'अन्ना केरेकिल', गोर्की की 'मदर' और सर्वारीज का 'विचित्र वीर' पुस्तकें हिंदी भाषा में पढ़ने को मिलीं और उसने हिंदी भाषा के माध्यम से संसार के कई कथा-पात्रों के विषय में जाना यह लेखक के लिए बहुत आकर्षक था।

ग) लेखक ने अपने जीवन की पहली पुस्तक अपने पैसे से कब और कैसे खरीदी?

उ० लेखक ने इंटरमीडिएट पास करके पुरानी पुस्तकें बेचकर बी. ए. की सेकंड हैंड। पुस्तकें खरीदीं, फिर भी उसके पास दो रुपये बच गए थे। इनमें से दस आने में लेखक ने अपने जीवन की पहली पुस्तकी खरीदी। लेखक के पास जो दो रुपये बचे थे, उन्हें लेकर वह देवदास फिल्म देखने गया। पहला शो छूटने में देर थी। इसलिए लेखक एक दुकान पर पुस्तकें देखने लगा। वहाँ से उसने 'देवदास' नामक पुस्तक खरीद ली और फिल्म देखने नहीं गया। यही लेखक द्वारा खरीदी गई पहली पुस्तक थी।

(घ) लेखक के पिता उसे कहाँ घुमाने ले गए और उन्होंने क्या समझाया?

उ० लेखक के पिता उसे लोकनाथ की दुकान पर घुमाने ले गए। उन्होंने उसे समझाया कि जिस प्रकार वह सत्यार्थ प्रकाश, स्वामी दयानंद सरस्वती की जीवनी आदि ध्यान से पढ़ता है, वैसे ही उसे स्कूल की किताबें भी ध्यान से पढ़नी होंगी।

3. नीचे पाठ में आए कुछ शब्द और उनके अर्थ दिए गए हैं। शब्दों को उनके अर्थ के साथ सजाइए–

प्रधान	पाखंड	आह्वान	रहस्य
अनुभव	खंडन	अदम्य	रोमांच

उ०

शब्द	**अर्थ**
रहस्य	गुप्त बात
प्रधान	मुखिया
अदम्य	जो दबाया न जा सके
आह्वान	पुकार

रोमांचक	रोंगटे खड़े करने वाली
पाखंड	आडंबर
अनुभव	प्रत्यक्ष ज्ञान
खंडन	गलत ठहराना

भाषा के झरोखे से

1. वर्ण उलट-पुलट कर उचित शब्द का निर्माण कीजिए–

शतला	–	तलाश	करोच	–	रोचक
श्रपमरि	–	परिश्रम	गसंति	–	संगति
सझनाम	–	नासमझ	मइना	–	इनाम

2. नीचे कुछ उपसर्ग दिए गए हैं इनसे तीन-तीन शब्द बनाइए–

अ	–	अज्ञान, अपूर्व, अवरिाम।
अन	–	अनमेल, अनजान, अनबूझ।
वि	–	विज्ञान, विदेश, विशेष।
सु	–	सुपुत्र, सुलेख, सुशील।
ना	–	नासमझ, नामुराद, नाचीज़।
कु	–	कुबुद्धि, कुपुत्र, कुसंगति।

3. देखिए समझिए और लिखिए–

एकवचन	बहुवचन	कारक-चिह्न सहित रूप
पुस्तक	पुस्तकें	पुस्तकों को
पैसा	पैसे	पैसे का
पौधा	पौधों	पौधों को
बेटा	बेटों	बेटों को
लड़का	लड़कों	लड़कों के लिए

4. निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त प्रत्यय लिखिए–

शब्द	मूल शब्द	प्रत्यय
परिचित	परिचय	इत
पढ़ना	पढ़	ना
लेखन	लेख	न
मुखिया	मुख	इया
धार्मिक	धर्म	इक

5. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर पर सही (✓) का चिह्न लगाइए–

क) कहीं खुद साधु बनकर भाग गया तो? यह वाक्य है–
प्रश्नवाचक (✓)

ख) वाह! कैसा सुंदर दृश्य है। यह वाक्य है–
विस्मयवाचक (✓)

ग) वह भाग सकता है। इस वाक्य का निषेधवाचक रूप है–
वह भाग नहीं सकता है। (✓)

घ) लेखक ने सिनेमा क्यों नहीं देखा? यह वाक्य है–
प्रश्नवाचक (✓)

© PEARL PUBLICATIONS (P) LTD.

7. निम्नलिखित शब्दों से बनी भाववाचक संज्ञाओं के आगे सही (✓) का चिह्न लगाइए–

रोना	–	रुलाई	(✓)
निडर	–	निडरता	(✓)
शिक्षक	–	शैक्षिक	(✓)
पराया	–	परायापन	(✓)

14 मुरली बजाने वाला बालक

मौखिक प्रश्न

1. सही उत्तर चुनकर सही (✓) का चिह्न लगाइए–

क) बरसात न होने पर लड़के ने क्या किया?
ज़ोर-ज़ोर से बाँसुरी बजाने लगा (✓)

ख) लड़के ने वापस आने की क्या शर्त रखी थी?
जब बारिश की फुहारों से भीगकर मिट्टी पावन हो जाएगी (✓)

ग) लड़की ने सपने में कैसा नंदनवन देखा था?
जहाँ अनगिनत पेड़ों पर फूल खिले थे (✓)

घ) लड़की के पूछने पर लड़के ने किस तरह की दीवारों के बारे में बताया?
पत्थर की दीवारें (✓)

2. इन प्रश्नों के उत्तर बताइए–

क) कौन और कहाँ बैठकर बाँसुरी बजा रहा था?
उ० लड़का पेड़ की डाली पर बैठकर बाँसुरी बजा रहा था।

ख) गायों के पेट क्यों पिचक गए थे?
उ० बरसात न होने के कारण गायों के पेट पिचक गए थे।

ग) लड़की बेसुध क्यों हो गई थी?
उ० बालक के मुरली न बजाने के कारण लड़की बेसुध हो गई थी।

घ) लड़की किसपर बैठ कर आई थी?
उ० लड़की रथ पर बैठ आई थी।

लिखित प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

अगले दिन वह लड़का फिर उसी डाली पर बैठकर मुरली बजा रहा था। रथ में बैठकर वह लड़की फिर आई और बोली, "बालक, बालक! मुरली वाले बालक! कोई नया गीत सुनाओ।"

मुरली वाले बालक ने उसे नया गीत सुनाया।

उसके बाद दोनों पेड़-पौधों के बीच खेलने लगे। घास के मैदानों में दौड़ने लगे।

शाम को बालक दुबारा पेड़ पर चढ़ गया और मुरली बजाने लगा।

क) रथ में बैठकर कौन आया और उसने किसे पुकारा?
उ० रथ में बैठकर लड़की आई अैर उसने मुरली वाले बालक को पुकारा।

ख) किसने, किससे क्या गाने को कहा?
उ० लड़की ने बालक से कोई नया गीत गाने को कहा।

© HELPLINE PUBLICATIONS (P) LTD.

ग) शाम को बालक दुबारा पेड़ पर क्यों चढ़ गया?

उ॰ मुरली बजाने के लिए शाम को बालक दुबारा पेड़ पर चढ़ गया।

घ) 'नया' शब्द का सही विलोम शब्द है–

पुराना (✓)

ङ) 'लड़का' शब्द की भाववाचक संज्ञा होगी–

लड़कपन (✓)

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

लघूत्तरीय प्रश्न–

क) लड़के की बाँसुरी की धुन का वातावरण पर क्या प्रभाव पड़ा?

उ॰ लड़के की बाँसुरी की धुन से गायें संगीत की लय पर सिर हिलाने लगीं। पंछी उड़ना छोड़कर डाली पर बैठने लगे और बादल नीचे झुककर बूँदें बरसाने लगे।

ख) लड़का उदास और गुमसुम क्यों था?

उ॰ वर्षा ऋतु में भी बारिश न होने के कारण लड़का उदास और गुमसुम था।

ग) लड़के ने पानी नहीं बरसने का क्या कारण बताया?

उ॰ लड़के ने पानी नहीं बरसने का कारण यह बताया कि लोग पेड़ों और झाड़ियों को काट रहे हैं।

घ) मुरली बजाने वाला बालक लड़की को क्या बताने के लिए रुका था?

उ॰ मुरली बजाने वाला बालक लड़की को यह बताने के लिए रुका कि कल लड़की के आदमियों ने उस पेड़ को काट डाला, जिसकी डाली पर बैठकर वह मुरली बजाता था। अब यहाँ पत्थर की इमारत बनेगी। फिर मेरी मुरली का यहाँ क्या काम।

विस्तारपूर्वक उत्तर लिखिए–

क) लड़की के बार-बार आग्रह करने पर भी बाँसुरी वाले लड़के ने बाँसुरी क्यों नहीं बजाई?

उ॰ लड़की के बार-बार आग्रह करने पर भी बाँसुरी वाले लड़के ने बाँसुरी इसलिए नहीं बजाई क्योंकि बरसात नहीं होने से घास के मैदान सूख गए थे और गायों के पेट पिचक गए थे।

ख) प्रकृति का विनाश कर हम किस सभ्यता का निर्माण कर रहे हैं? लिखिए।

उ॰ प्रकृति का विनाश कर हम ऐसी प्राणघातक सभ्यता का निर्माण कर रहे हैं जिसमें चारों ओर सिर्फ पत्थर की ऊँची-ऊँची दीवारें होंगी। लोग एक-दूसरे से शत्रुता रखेंगे। उनके बीच पैसे कमाने की अंधी दौड़ होगी। धरती पर पेड़-पौधों का नामों-निशान नहीं होगा। चारों ओर हाहाकार मच रहा होगा।

ग) लड़की के पूछने पर मुरली वाले बालक ने कब आने को कहा?

उ॰ लड़की के पूछने पर बालक ने अपने आने के बारे में बताते हुए उससे कहा कि वह तभी लौटकर आएगा जब पेड़-पौधों से यहाँ की ज़मीन फिर से लहलहा उठेगी, आसमान में उड़ने वाले बादल जब धरती पर झुक आएँगे, बरसात की बौछारों से जब यह मिट्टी भीगकर पावन हो जाएगी।

घ) बेटी की बात न मानकर राजा ने क्या किया? उसका बेटी पर क्या प्रभाव पड़ा?

उ॰ बेटी की बात न मानकर राजा ने धरती के पेड़-पौधे कटवा दिए। चारों तरफ पत्थर की दीवारें खड़ी करवा दीं। इससे राजा को बहुत पैसा मिला। उसने लड़की के लिए सोने के बहुत सारे गहने मँगवाए। राजा के इस काम का बेटी पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा। लड़की ने गहनों को नहीं पहना और उन्हें उठाकर दूर फेंक दिया। वह रोज़ाना छत पर लेटकर आसमान की ओर देखती रहती और बारिश का इंतज़ार करती रहती। कुछ दिनों में लड़की मर गई।

3. निम्नलिखित वाक्यों को कहानी के क्रमानुसार लिखिए–

उ॰ 1. गायें खुशी-खुशी घास चर रही थीं।

2. सूरज पश्चिम में ढलने लगा।

3. गाय चराने वाले बालक ने फिर से मुरली बजाई।

4. गायों के पेट पिचक गए तो पिचक जाने दो।

© HEPLINE PUBLICATIONS (P) LTD.

5. भोली-भाली काली आँखें आँसुओं से भर गईं।
6. जो गहने फेंक दिए हैं, उन्हें उठाकर पहन लेना।
7. ठीक उसी समय आकाश फिर बंद हो गया। गाना भी रुक गया।

4. समझाइए/स्पष्ट कीजिए–

'बादल के टुकड़े ढूँढ़ने के लिए उसने आकाश की ओर देखा। एक अचंभा हुआ। आकाश उसकी आँखों के सामने खुल गया।'

उ० इस कथन का आशय यह है कि जब दुखी लड़की बारिश न होने से सोचते-सोचते सो गई तो उसने सपने में देखा कि वह आकाश में बादल का टुकड़ा ढूँढ़ती फिर रही है। तभी एक आश्चर्य हुआ और आकाश खुल गया। वहाँ उसे एक सुंदर नंदनवन दिखाई दिया जहाँ पेड़ों पर असंख्य फूल खिले थे, पक्षी चहचहा रहे थे और मुरली वाला बालक एक पेड़ पर बैठा मुरली बजा रहा था। उसने बालक से बातें कीं। बालक ने उसे उस अद्‌भुत प्रदेश के बारे में बताया।

भाषा के झरोखे से

1. उस शब्द के खाने में (✓) का निशान लगाइए जो उचित पर्याय नहीं है–

चिड़िया ✓
दृष्टि ✓
स्त्री ✓
पौधा ✓

2. निम्नलिखित शब्दों से ऐसे वाक्य बनाइए जिससे उनका अंतर स्पष्ट हो जाए–

पेड़ – हमारे बाग में आम का एक पुराना पेड़ है।
पौधा – मैंने गमले में गुलाब का एक पौधा लगाया है।
मौसम – आज बड़ा सुहावना मौसम है।
ऋतु – वर्षा ऋतु में नर मेंढक टर्राने लगते हैं।
निहारना – काफी देर तक मैं डल झील के उस अद्‌भुत दृश्य को निहारता रहा।
देखना – शिष्यो! आपको पेड़ पर क्या-क्या दिखाई दे रहा है।

3. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्‌ध करके लिखिए–

क) लड़की रथ में बैठा उधर से जा रहा था। – लड़की रथ में बैठी उधर से जा रही था।
ख) पेड़ का डाल पर बैठा बालक बाँसुरी बजा रहा थी। – पेड़ की डाल पर बैठा बालक बाँसुरी बजा रहा थी।
ग) चमकता आँखें मटकाते हुए उस लड़की ने पूछा। – चमकती आँखें मटकाते हुए उस लड़की ने पूछा।
घ) हर रोज़ वह बाँसुरी की गीत सुनने आने लगी। – हर रोज़ वह बाँसुरी का गीत सुनने आने लगी।
ङ) मुझसे गाने का बात मत करना। – मुझसे गाने की बात मत करना।

4. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिए जिसमें एक रूप संज्ञा तथा दूसरा रूप क्रिया के रूप में प्रयोग हुआ हो–

घर – मैंने घर बनाया।
घर – तुम्हारी बात मेरे भीतर घर कर गई।
मत – मेरा मत यह है कि हमें प्रत्येक बालिका को प्रारंभ से ही आत्मरक्षा के गुर सिखाने चाहिए।
मत – इस दीदार पर मत लिखो।
झाड़ – सबसे पहले मैदान से सब झाड़-झंकाड़ साफ कर दो।
झाड़ – मैंने सभी कमरों को झाड़-पोंछ दिया है।
फूल – पूजा के लिए कुछ फूल चुन लाइए।
फूल – पानी में भिगोने पर किशमिशें फूल जाती हैं।
डाली – नीम की डाली पर बंदर झूल रहे हैं।
डाली – मैंने रातभर में पूरी कहानी लिख डाली।

HELP LINE PUBLICATIONS © (P) LTD.

5. रेखांकित शब्दों के सही कारक पर (✓) का चिह्न लगाइए–

क) बालक पेड़ की डाल पर बैठा था।
अधिकरण कारक (✓)

ख) बालक ने फिर से मुरली बजाई।
कर्ता कारक (✓)

ग) राजा प्रजा के लिए वस्त्र लाता है।
संप्रदान कारक (✓)

घ) करण कारक का चिह्न है–
से (के द्वारा) (✓)

6. निम्नलिखित वाक्यों को कोष्ठक में दिए गए क्रिया के सही रूप से पूरा कीजिए–

क) लड़की को बाँसुरी की धुन **सुनकर** अच्छा लगा। (सुन)

ख) हमेशा की तरह लड़की गाड़ी में **बैठकर** आई। (बैठना)

ग) लड़का डाल पर बैठकर मुरली **बजाता** है। (बजा)

घ) छोटा बच्चा दूध **पीता** है। (पीना)

7. कोष्ठक में निर्देशित सर्वनाम-भेद से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

क) **क्या** बालक ने बाँसुरी नहीं बजायी? (प्रश्नवाचक सर्वनाम)

ख) लड़की **स्वयं** घर चली गई। (निजवाचक सर्वनाम)

ग) उस पेड़ पर **कोई** बैठा है। (अनिश्चयवाचक सर्वनाम)

घ) **यह** हमारी गाय है। (निश्चयवाचक सर्वनाम)

ङ) **मेरे** पिता जी आने वाले हैं। (पुरुषवाचक सर्वनाम)

16 कुशल कारीगर से कूड़ा बीनने तक

मौखिक प्रश्न

1. सही उत्तर चुनकर सही (✓) का चिह्न लगाइए–

क) मोहम्मद उमर के चाचा ने उन्हें कहाँ काम दिलाया?
चाँदी के एक जौहरी के पास (✓)

ख) मोहम्मद उमर को पहली नौकरी में कितना वेतन मिलता था?
तीन रुपये रोज़ (✓)

ग) मुहम्मद उमर जौहरी के पास क्या काम करते थे?
चाँदी के ज़ेवर बनाते थे (✓)

घ) ज़ेवरों का काम छूटने पर मोहम्मद उमर ने क्या काम किया?
ठेला चलाने लगा (✓)

2. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए–

क) मोहम्मद उमर दिल्ली आने से पहले कहाँ रहते थे और क्या करते थे?

उ० दिल्ली आने से पहले मोहम्मद उमर बुलंदशहर में रहते थे और चाँदी के ज़ेवर बनाने का काम करते थे।

ख) मोहम्मद उमर दिल्ली कब और क्यों आए?

उ० मोहम्मद उमर तेरह साल की उम्र में दिल्ली आए क्योंकि गाँव में उनके लिए रोज़गार नहीं था।

ग) दिल्ली आने के बाद मोहम्मद उमर कहाँ रहते थे?

उ० दिल्ली आने के बाद मोहम्मद फैक्टरी के गैराज में रहते थे।

HELPLINE PUBLICATIONS © (P) LTD.

3. सही कथन के सामने (✓) तथा गलत कथन के सामने (✗) का चिह्न लगाइए–

क) मोहम्मद उमर कूड़ा बीनते हैं। (✓)

ख) वे घूमने के लिए दिल्ली आए थे। (✗)

ग) मोहम्मद उमर ने चाँदी के ज़ेवर बनाने का काम सीखा। (✓)

घ) वे हर शुक्रवार को मस्ज़िद जाते हैं। (✓)

ङ) मोहम्मद उमर रात में काम करते हैं। (✗)

च) मोहम्मद उमर का भाई उनकी देखभाल करता है। (✗)

लिखित प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

अब मैं एकदम अकेला हो चुका हूँ। मुझे किसी हमदर्द की, किसी साथी की कमी बहुत खलती है। जब मैं जवान था, उस समय मैं शादी के बारे में सोच भी नहीं सकता था, क्योंकि मुझे अपने परिवार का पेट पालना था। परंतु इस उम्र में, जब मेरा खयाल रखने वाला कोई नहीं है, मुझे एक जीवन-साथी का महत्व समझ में आ गया है।

क) उनको किसकी कमी खलती है?

उ० मोहम्मद उमर को किसी हमदर्द की कमी खलती थी।

ख) मोहम्मद उमर ने शादी के बारे में क्यों नहीं सोचा?

उ० मोहम्मदउमर ने शादी के बारे में इसलिए नहीं सोचा क्योंकि उन्हें परिवार का पेट पालना था।

ग) 'अकेला' शब्द का समानार्थी शब्द है–

एकाकी (✓)

ङ) 'पेट पालने' का अर्थ है–

भरण-पोषण करना (✓)

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

लघूत्तरीय प्रश्न–

क) मोहम्मद उमर के परिवार में कौन-कौन था?

उ० मोहम्मद उमर के परिवार में उनकी माँ, दो भाई और एक बहिन थी।

ख) ज़ेवर बनाने के लिए मोहम्मद उमर को क्या करना पड़ता था?

उ० ज़ेवर बनाने के लिए मोहम्मद उमर को चाँदी के पत्तरों को काट-काटकर उन्हें ज़ेवरों में ढालने के लिए घंटों एक जगह बैठकर काम करना पड़ता था।

ग) मोहम्मद उमर के चाचा ने उनकी क्या सहायता की?

उ० मोहम्मद उमर के चाचा ने उन्हें जौहरी के यहाँ नौकरी दिलवाई।

घ) मोहम्मद उमर ने नया काम क्यों ढूँढ़ा?

उ० ज़ेवर बनाने की नौकरी छूट जाने पर घर की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए मोहम्मद उमर को नया काम ढूँढ़ना पड़ा।

विस्तारपूर्वक उत्तर लिखिए–

क) 'मैं अपने इस हुनर को और नहीं तराश सका,' मोहम्मद उमर ने ऐसा क्यों कहा?

उ० मोहम्मद उमर ने ऐसा इसलिए कहा क्योंकि जौहरी का कारखाना बंद होने से उन्हें ज़ेवर बनाने का काम दुबारा नहीं मिल पाया।

ख) मोहम्मद उमर अकेले क्यों रहते हैं? कारण लिखिए।

उ० मोहम्मद उमर अकेले इसलिए रहते हैं क्योंकि उनके दोनों भाई और बहिन की शादी हो चुकी है। माँ की मृत्यु हो चुकी है।

ग) 'हुनरमंद आदमी अवसरों के अभाव में अपनी दक्षता खो देता है,' कैसे?

उ० यह सत्य है कि हुनरमंद आदमी अवसरों के अभाव में अपनी दक्षता खो देता है क्योंकि जब उसे वह काम करने को नहीं मिलता, जिसमें वह दक्ष है तो धीरे-धीरे उसकी दक्षता समाप्त हो जाती है।

© HELIOS PUBLICATIONS (P) LTD.

भाषा के झरोखे से

1. निम्नलिखित उर्दू शब्दों के हिंदी पर्याय लिखिए–

दुआ	–	प्रार्थना	मिसाल	–	उदाहरण
हुनरमंद	–	कला-कुशल	खुशकिस्मत	–	भाग्यवान
ज़ेवर	–	आभूषण	खातिर	–	लिए
काबिल	–	योग्य	खुदगर्ज़	–	स्वार्थी

2. निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन शब्दों के उपयुक्त विलोम शब्द भरिए–

क) मेरे पिता की मृत्यु के बाद मेरे भाई का **जन्म** हुआ।

ख) मेरे प्रश्नों के सही **उत्तर** देना।

ग) सत्य की सदा जीत होती है और **असत्य** की हार।

घ) एक हफ़्ते दवा खाने के बाद रोगी व्यक्ति **नीरोगी** हो गया।

ङ) कभी-कभी चतुर इनसान भी **मूर्ख** बन जाता है।

3. निम्नलिखित शब्दों में से विशेषण और विशेष्य अलग करके लिखिए–

शब्द	**विशेषण**	**विशेष्य**
काबिल आदमी	काबिल	आदमी
खुशकिस्मत लोग	खुशकिस्मत	लोग
एक जौहरी	एक	जौहरी
गरम चाय	गरम	चाय
आलसी व्यक्ति	आलसी	व्यक्ति
भयानक मोड़	भयानक	मोड़

4. कोष्ठक में दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्दों से वाक्य पूरे कीजिए–

क) रोज़गार की **खोज** में मैं दिल्ली आया। (तलाश)

ख) मुझे तीन रुपये रोज़ के हिसाब से **पारिश्रमिक** देता था। (मेहनताना)

ग) मेरे चाचा ने नौकरी ढूँढ़ने में मेरी **मदद** की। (सहायता)

घ) मेरे पास छह साल के **अनुभव** के सिवा कुछ भी नहीं था। (तजुर्बे)

ङ) मुझे दस-पंद्रह रुपये **प्रतिदिन** की आमदनी होने लगी। (रोज़ाना)

5. छात्र स्वयं करें।

6. निम्नलिखित वाक्यों में से संयुक्त क्रियाएँ छाँटकर लिखिए–

क)	मैं ठेला चलाने लगा।	चलाने लगा।
ख)	वर्षा होने लगी।	होने लगी।
ग)	नानी जी गीत गा रही हैं।	गा रही हैं।
घ)	दीदी सब्ज़ी काट रही हैं।	काट रही हैं।
ङ)	नेता जी भाषण दे चुके हैं।	दे चुके हैं।

HELPLINE PUBLICATIONS © (P) LTD.

17 रस की बूँदें

मौखिक प्रश्न

1. सही उत्तर चुनकर सही (✓) का चिह्न लगाइए–

क) रसखान ने अपने लिए किस प्रकार के मनुष्य-जीवन की कामना की है?
गोकुल के ग्वाले का जीवन (✓)

ख) तीनों लोक का राज कौन त्यागना चाहता है?
कवि रसखान (✓)

ग) सभी देवतागण किसकी आराधना करते हैं?
श्रीकृष्ण की (✓)

घ) इन सवैयों के रचयिता कौन हैं?
रसखान (✓)

2. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए–

क) रसखान ने अपने पदों में किसका गुणगान किया है?

उ० रसखान ने अपने पदों में श्रीकृष्ण का गुणगान किया है।

ख) रसखान पक्षी बनकर कहाँ रहना चाहते थे?

उ० रसखान पक्षी बनकर कदंब की डाल पर रहना चाहते थे।

ग) रसखान गोकुल के गाँव में कब रहना चाहते थे?

उ० रसखान गोकुल के गाँव में मनुष्य होने पर रहना चाहते थे।

घ) अहीर की बालिकाएँ मटकी भर छाछ के लिए किसे नचाती थीं?

उ० अहीर की बालिकाएँ मटकी भर छाछ के लिए श्रीकृष्ण को नचाती थीं।

लिखित प्रश्न

1. निम्नलिखित सवैये के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

या लकुटी अरु कामरिया पर,
राज तिहूँ पुर कौ तजि डारौं।
आठहुँ सिद्धि, नवौ निधि को सुख,
नंद की गाइ चराइ बिसारौं।
इन आँखनि सौ रसखानि कबौं,
ब्रज के बन बाग-तड़ाग निहारौं।

क) रसखान लकुटी और कामरिया पर क्या त्यागना चाहते हैं?

उ० रसखान लकुटी और कामरिया पर तीनों लोकों का राज्य त्यागना चाहते हैं।

ख) रसखान अपनी आँखों से क्या देखना चाहते हैं?

उ० रसखान अपनी आँखों से ब्रज के वन,बाग और सरोवर देखना चाहते हैं।

ग) 'कोटिक' और 'बिसारौं' के हिंदी पर्याय लिखिए।

उ० करोड़ों, भुलाना

घ) 'करील की कुंजन ऊपर वारौं' में कौन-सा अलंकार है?
अनुप्रास (✓)

HELPLINE PUBLICATIONS (P) LTD. ©

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

लघूत्तरीय प्रश्न

क) रसखान गोकुल में क्यों रहना चाहते हैं?

उ० रसखान गोकुल में इसलिए रहना चाहते हैं क्योंकि वहाँ श्रीकृष्ण का वास है।

ख) रसखान तीनों लोकों का सुख क्यों त्यागना चाहते हैं?

उ० रसखान श्रीकृष्ण की भक्ति और ब्रज में वास करने के लिए तीनों लोकों का सुख त्यागना चाहते हैं।

ग) रसखान अपनी आँखों से क्या देखना चाहते हैं?

उ० रसखान अपनी आँखों से ब्रज के वन, बाग और सरोवर देखना चाहते हैं।

घ) रसखान ने किसकी उपासना में काव्य-रचना की है?

उ० रसखान ने श्रीकृष्ण की उपासना में काव्य-रचना की है।

विस्तारपूर्वक उत्तर लिखिए–

क) पशु-पक्षी और पत्थर के रूप में रसखान की क्या इच्छा है?

उ० पशु-पक्षी और पत्थर के रूप में रसखान की इच्छा है कि उनका वास ब्रज में रहे।

ख) रसखान अपने कौन-कौन से सुखों का त्याग करना चाहते हैं और क्यों?

उ० रसखान ब्रज में वास के लिए तीनों लोकों के राज्य, आठ सिद्धियों, नौ निधियों, सोने-चाँदी के महल के सुखों का त्याग करना चाहते हैं क्योंकि ब्रज उनके आराध्य श्रीकृष्ण की भूमि है।

ग) कवि ने भगवान श्रीकृष्ण के लिए किन-किन विशेषणों का प्रयोग किया है?

उ० कवि ने भगवान श्रीकृष्ण के लिए अनादि, अनंत, अखंड, अछेद, अभेद, सुबेद विशेषणों का प्रयोग किया है।

घ) कवि श्रीकृष्ण को देखकर क्यों आश्चर्य कर रहे हैं?

उ० कवि रसखान श्रीकृष्ण को देखकर इसलिए आश्चर्य कर रहे हैं क्योंकि शेषनाग, शिव, गणेश, सूर्य, इंद्र जैसे देवता जिनकी आराधना करते हैं और जो अनादि, अनंत, अखंड, अछेद, अभेद, सुबेद हैं। जिनकी महिमा को नारद से लेकर शुक और व्यास तक नहीं जान पाते, वे इतने सहज और सरल हैं कि वे अहीर बालाओं की ज़रा-सी छाछ के लिए मग्न होकर नृत्य करते लगते हैं।

3. दोहों की निम्नलिखित भाव वाली पंक्तियाँ लिखिए–

क) तीनों लोकों का राज त्याग दूँ।

उ० राज तिहूँ पुर कौ तजि डारौं।

ख) प्रतिदिन नंदबाबा की गायों के बीच में रहूँ।

उ० नंद की गाय चराइ बिसारौं।

भाषा के झरोखे से

1. निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिए–

मानुष	–	मनुष्य	पाहन	–	प्रस्तर
पसु	–	पशु	ग्वारन	–	ग्वाले
सोभित	–	शोभित	तजि	–	त्याग
सेस	–	शेष	दिनेस	–	दिनेश

2. निम्नलिखित शब्दों को अकारादि क्रम में लिखिए–

लकुटि, खग, धेनु, डारन, कुंजन, आँखिन, अरु, कर

उ० अरु, आँखिन, कर, कुंजन, खग, डारन, धेनु, लकुटि

3. निम्नलिखित शब्दों के वर्ण-विच्छेद कीजिए–

मनुष्य	–	म् + अ + न् + उ + ष् + य् + अ	पशु	–	प् + अ + श् + उ
खग	–	ख् + अ + ग् + अ	पाहन	–	प् + आ + ह् + अ + न् + अ
गिरि	–	ग् + इ + र् + इ	गाय	–	ग् + आ + य् + अ
अहीर	–	अ + ह् + ई + र् + अ	अछेद	–	अ + छ् + ए + द् + अ

HELPLINE PUBLICATIONS (P) LTD.

4. निम्नलिखित शब्दों से उपसर्ग अलग करके लिखिए–

अछेद	–	अ	अभेद	–	अ
अखंड	–	अ	अनंत	–	अ
अनादि	–	अन्	सुबेद	–	सु

5. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–

मनुष्य	–	मानव, मनुज	पशु	–	वनचर, जानवर
कृष्ण	–	कन्हैया, गोपाल	आँख	–	नेत्र, लोचन
गिरि	–	पर्वत, पहाड़	गाय	–	धेनु, गौ

6. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए–

क) अनुप्रास अलंकार का उदाहरण है–
बसौ ब्रज गोकुल गाँव के ग्वारन (✓)

ख) निम्नलिखित में से कौन-सा उदाहरण अनुप्रास अलंकार का है?
करील की कुंजन ऊपर वारौ (✓)

7. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए–

ब्रज में निवास करने वाला	–	ब्रजवासी
जिसके टुकड़े न किए जा सके	–	अखंड
पर्वत को धारण करने वाला	–	गिरिधर
नृत्य करने वाला	–	नर्तक
जो गाता हो	–	गायक

18 टिकट अलबम

मौखिक प्रश्न

1. सही उत्तर चुनकर सही (✓) का चिह्न लगाइए–

क) नागराजन के बारे में राजप्पा क्या कहता था?
नागराजन घमंडी हो गया है (✓)

ख) नागराजन के मामा जी कहाँ रहते थे?
सिंगापुर (✓)

ग) अपने घर पहुँचने पर नागराजन अपने सहपाठियों के साथ क्या करता था?
सभी को अपना अलबम दिखाता था (✓)

घ) अलबम के पहले पृष्ठ पर मामा जी ने क्या लिखा था?
ए॰ एम॰ नागराजन (✓)

ङ) नागराजन का अलबम किसने चुराया था?
राजप्पा ने (✓)

2. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए–

क) सभी बच्चे नागराजन को क्यों घेरे रहते थे?

उ॰ नागराजन का अलबम देखने के लिए सभी बच्चे नागराजन को घेरे रहते थे।

ख) राजप्पा के अलबम को किसने और कितने रुपये में खरीदना चाहा था?

उ॰ सरपंच के लड़के ने पच्चीस रुपये में राजप्पा के अलबम को खरीदना चाहा था?

ग) नागराजन राजप्पा के घर क्यों गया था?

उ॰ नागराजन को अपना अलबम देने नागराजन राजप्पा के घर गया था।

© HELPLINE PUBLICATIONS (P) LTD.

3. किसने, किससे कहा?

क) तुम लोग यह नकल क्यों करते हो? नकलची कहीं के।

उ० राजप्पा ने लड़कों से।

ख) जा, जा, जलता है, ईर्ष्यालु कहीं का।

उ० कृष्णन ने राजप्पा से।

ग) भैया शहर गया है। अरे हाँ, तुमने भैया का अलबम देखा?

उ० नागराजन की बहिन कामाक्षी ने राजप्पा से

घ) कामाक्षी ने बताया था कि हमारे जाने के बाद सिर्फ़ तुम ही वहाँ आए थे।

उ० अप्पू ने राजप्पा से

ङ) ले इस अलबम को तू ही रख ले इतनी मेहनत की है तूने।

उ० नागराजन ने राजप्पा से

लिखित प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

उस दिन शाम उसने कुछ तय कर लिया था। वह नागराजन के घर गया। आखिर कोई कितना अपमान सहे! नागराजन के हाथ अचानक एक अलबम लगा है, बस यही न। वह क्या जाने टिकट कैसे जमा किए जाते हैं! एक-एक टिकट की क्या कीमत होती है, वह भला क्या समझे! उसके पास जितने भी फ़ालतू टिकट हैं उन्हें टरकाकर, उससे अच्छे टिकट झाड़ लेगा। कितनों को तो उसने यूँ ही उल्लू बनाया है। कितनी चालबाज़ी करनी पड़ती है। नागराजन भला किस खेत की मूली है?

क) शाम को राजप्पा कहाँ गया था?

उ० शाम को राजप्पा नागराजन के घर गया था।

ख) टिकट की कीमत कौन नहीं समझता था?

उ० नागराजन टिकट की कीमत नहीं समझता था।

ग) वह नागराजन से क्या लेना चाहता था?

उ० राजप्पा नागराजन से टिकट लेना चाहता था।

घ) 'अपमान' शब्द का विलोम शब्द है–

मान ✓

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

लघूत्तरीय प्रश्न–

क) राजप्पा के अलबम की शान क्यों घट गई थी?

उ० राजप्पा के अलबम की शान इसलिए घट गई थी क्योंकि नागराजन के लिए उसके मामाजी ने राजप्पा से भी अच्छा अलबम भेज दिया था।

ख) राजप्पा का अलबम किसने खरीदना चाहा था?

उ० राजप्पा का अलबम सरपंच के लड़के ने खरीदना चाहा था।

ग) राजप्पा को नागराजन के घर वालों ने नागराजन के कमरे में जाने से क्यों नहीं रोका?

उ० चूँकि राजप्पा नागराजन के घर आया-जाया करता था इसलिए उसे नागराजन के घरवालों ने उसके कमरे में जाने से नहीं रोका।

घ) राजप्पा ने नागराजन को अपना अलबम क्यों दे दिया?

उ० राजप्पा ने नागराजन को अपना अलबम इसलिए दे दिया क्योंकि उसने नागराजन का अलबम जला दिया था।

विस्तारपूर्वक उत्तर लिखिए–

क) राजप्पा ने अपने अलबम के लिए टिकट कैसे जमा किए थे?

उ० राजप्पा ने मित्रों, सहपाठियों से माँगकर और अपने अतिरिक्त टिकटों के बदले में उनसे नए टिकट लेकर अपने अलबम के लिए टिकट जमा किए थे।

HELPLINE PUBLICATIONS © (P) LTD.

ख) नागराजन का अलबम आने के बाद राजप्पा के मन की क्या दशा हुई?

उ॰ नागराजन का अलबम आने के बाद राजप्पा का मन खिन्न था क्योंकि नागराजन का अलबम उसके अलबम से सुंदर था। उसमें विदेशी टिकट भी लगे थे। सभी बच्चे राजप्पा के अलबम को बेकार कहकर उसे चिढ़ाते थे।

ग) राजप्पा ने नागराजन का अलबम क्यों चुरा लिया?

उ॰ राजप्पा ने नागराज का अलबम इसलिए चुरा लिया था क्योंकि सभी बच्चे उसके अलबम को बेकार बताकर उसे चिढ़ाते थे। इस बात में वह मन-ही-मन कुढ़ने लगा था। उसे अपने अलबम से चिढ़-सी हो गई थी। वह नागराजन को सबक सिखाना चाहता था।

घ) अलबम जलाते समय राजप्पा की आँखों में आँसू क्यों आ गए?

उ॰ अलबम जलाते समय राजप्पा की आँखों में इसलिए आँसू आ गए क्योंकि उसने अपने मित्र से ही शत्रुता रखकर इतना सुंदर अलबम बिना बात जला दिया था। उसका मन ग्लानि से भर गया था।

भाषा के झरोखे से

1. निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए–

जवाब	–	सवाल	अपना	–	पराया
खुश	–	नाखुश	तारीफ़	–	बुराई
खरीदना	–	बेचना	प्रकट	–	गुप्त

2. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए–

कुढ़ना	–	मेरी नई साइकिल देखकर अंजलि बहुत कुढ़ गई है।
अगुआ	–	गांधीजी स्वाधीनता आंदोलन के अगुआ थे।
फ़ालतू	–	आपके पास जो भी फालतू कपड़े हैं, गरीबों में बाँट दो।
तारीफ़	–	छोटी बालिका की वीरता की सभी तारीफ़ कर रहे थे।

3. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए–

टोलियों	–	टोली	लड़के	–	लड़का
टिकटों	–	टिकट	किताबों	–	किताब
भाषाएँ	–	भाषा			

4. निम्नलिखित तत्सम शब्दों के सही तद्भव रूप पर (✓) का चिह्न लगाइए–

मित्र	–	मीत	✓
गृह	–	घर	✓
सत्य	–	सच	✓
हस्त	–	हाथ	✓

5. निम्नलिखित वाक्यों में आए उचित क्रियाविशेषण शब्द पर (✓) का चिह्न लगाइए–

क) बस पेड़ से अचानक टकरा गई।
अचानक ✓

ख) घर के आस-पास खेलते रहना।
आस-पास ✓

ग) कोयल मीठा गाती है।
मीठा ✓

घ) इन पुस्तकों को उधर रख दीजिए।
उधर ✓

6. निम्नलिखित वाक्यों के सामने उनके वाच्य लिखिए–

क) रीना ने गीत गाए। – कर्तृवाच्य

ख) अनुज के द्वारा गृह-कार्य किया गया। – कर्मवाच्य

HELPLINE PUBLICATIONS © (P) LTD.

ग) सुप्रिया से नहीं देखा जाता। – भाववाच्य

घ) हमें आज ताजमहल दिखाया गया। – कर्मवाच्य

ङ) मुझसे लिखा नहीं जाता। – भाववाच्य

च) छात्राओं द्वारा नृत्य किया गया। – कर्मवाच्य

19 पापा खो गए

मौखिक प्रश्न

1. सही उत्तर चुनकर सही (✓) का चिह्न लगाइए–

क) आसमान से बिजली किसके ऊपर गिरी थी?

पेड़ के ऊपर (✓)

ख) पेड़ सरदी, बारिश और धूप का सामना कैसे करता है?

पत्तों का कोट पहनकर (✓)

ग) लाल ताऊ सभी चिट्ठियाँ क्यों पढ़ता था?

सभी चिट्ठियाँ उसके कब्ज़े में रहती थीं (✓)

घ) बच्चा उठाने वाला बच्चा इसलिए उठाता था क्योंकि उसे .....

दूसरा काम नहीं करना चाहता था। (✓)

2. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए–

क) पेड़ का दिल धक-धक क्यों करने लगता है?

उ० पेड़ को अपने ऊपर गिरी बिजली की याद आ गई थी।

ख) नाटक में किस समय का और किस स्थान का वर्णन है?

उ० रात के समय और समुद्र के सामने स्थित सड़क के फुटपाथ का।

ग) 'मेरी तबीयत ही लोहे की है' ऐसा किसने और क्यों कहा?

उ० खंबे ने कहा क्योंकि वह लोहे का बना था।

लिखित प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

अपने पत्तों का कोट पहनकर मुझे सरदी, बारिश या धूप में उतनी तकलीफ़ नहीं होती, तो भी तुमसे बहुत पहले का खड़ा हूँ मैं यहाँ। यहीं मेरा जन्म हुआ-इसी जगह। तब सब कुछ कितना अलग था यहाँ। वहाँ के, वे सब ऊँचे-ऊँचे घर नहीं थे तब। यह सड़क भी नहीं थी। वह सिनेमा का बड़ा-सा पोस्टर और उसमें नाचने वाली औरत भी तब नहीं थी। सिर्फ़ सामने का यह समुद्र था। बहुत अकेलापन महसूस होता था। तुम्हें जब यहाँ लाकर खड़ा किया गया तो सोचा, चलो कोई साथी तो मिला-इतना ही सही। लेकिन वो भी कहाँ? तुम शुरू-शुरू में मुझसे बोलने को ही तैयार नहीं थे। मैंने बहुत बार कोशिश की, पर तुम्हारी अकड़ जहाँ थी वहीं कायम! बाद में मैंने भी सोच लिया, इसकी नाक इतनी ऊँची है तो रहने दो। मैंने भी कभी आवाज़ नहीं लगाई, बस अपना भी स्वभाव ज़रा ऐसा ही है।

क) कौन किससे पहले से खड़ा है?

उ० पेड़ खंभे से पहले से खड़ा है।

ख) पेड़ को अकेलापन क्यों महसूस होता था?

उ० पेड़ शुरू-शुरू में वहाँ अकेला था, इसलिए उसे अकेलापन महसूस होता था।

ग) खंभे को देखकर पेड़ क्यों खुश हुआ?

उ० खंभे को देखकर पेड़ इसलिए खुश हुआ क्योंकि उसे एक साथी मिल गया था।

घ) 'कायम' शब्द का अर्थ है–

स्थिर (✓)

HELPLINE PUBLICATIONS © LTD.

ङ) 'अकेलापन' में कौन-सा प्रत्यय है?

पन (✓)

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

लघूत्तरीय प्रश्न–

क) लाल ताऊ किसको कहते थे और क्यों?

उ० लैटरबॉक्स को लाल ताऊ कहते थे क्योंकि सभी चिट्ठियाँ उसके कब्जे में रहती थीं।

ख) कौए की नींद कौन खराब कर रहा था और कैसे?

उ० 'श श श्! ए७ए कौए, जाग न? जाग' कहते हुए पेड़ कौए की नींद खराब कर रहा था।

ग) लैटरबॉक्स किसकी चिट्ठी पढ़ रहा था?

उ० लैटरबॉक्स हेडमास्टर द्वारा गोविंद राव को लिखी चिट्ठी पढ़ रहा था।

घ) बच्चे चुराने वाले ने लड़की को कहाँ छोड़ा और स्वयं कहाँ चला गया?

उ० बच्चे चुराने वाले ने लड़की को पेड़ की ओट में छोड़ दिया और खाने की तलाश में चला गया।

विस्तारपूर्वक उत्तर लिखिए–

क) हेडमास्टर ने किसे चिट्ठी लिखी थी और चिट्ठी में क्या लिखा था?

उ० हेडमास्टर ने गोविंद राव जी को चिट्ठी लिखी थी। उन्होंने चिट्ठी में लिखा था कि उनका पुत्र पढ़ाई में काफी कमज़ोर है। कक्षा में उसका ध्यान पढ़ाई में नहीं रहता। वह घर से गायब रहकर बंटे खेलता रहता है।

ख) पेड़ और खंभे में मित्रता कैसे हुई?

उ० एक बार आँधी पानी का तेज़ तूफान आने पर खंबा पेड़ के ऊपर आ गिरा। पेड़ ने खंबे को ऊपर की ऊपर ही झेल लिया। नीचे नहीं गिरने दिया। हालांकि खंभे को बचाने में पेड़ भी काफी ज़ख्मी हो गया था। इस घटना के बाद खंभे का घमंड दूर हो गया और दोनों की मित्रता हो गई।

ग) खंभे को बरसात की रातें क्यों पसंद नहीं थीं?

उ० बरसात की रातों में रातभर भीगना पड़ता है, बादलों से आने वाले पानी की मार खानी पड़ती है। तेज हवाओं में भी बल्ब को कसकर पकड़े हुए लगातार एक टाँग पर खड़ा रहना पड़ता है, इसलिए खंभे को बरसात की रातें अच्छी नहीं लगतीं।

घ) सभी पात्र लड़की को घर क्यों नहीं पहुँचा सके?

उ० लड़की को न तो अपने पिता का नाम मालूम था और न ही घर का पता-ठिकाना। वह अपनी गली का नाम तक नहीं बता सकती थी। इसलिए सभी पात्र उसे घर नहीं पहुँचा सके।

3. किसने, किससे कहा?

	कथन		**किसने**	**किससे**
क)	लेकिन रात को बड़ी बोरियत होती है।	–	पेड़ ने	खंभे से
ख)	राम राम राम! रात बहुत हो गई।	–	खंभे ने	पेड़ से
ग)	दूसरा कोई काम करने की मेरी इच्छा नहीं होती।	–	आदमी ने	स्वयं से
घ)	आँखों पर एक चुल्लू पानी डालकर अभी आया।	–	कौए ने	पेड़ से
ङ)	वह उसे कहीं से उठाकर लाया है। मैंने सुना है।	–	लैटरबॉक्स ने	पेड़ से

भाषा के झरोखे से

1. निम्नलिखित शब्दों के दो अलग-अलग अर्थ लिखिए–

लाल	–	एक रंग, पुत्र	गुरु	–	अध्यापक, भारी
अंबर	–	वस्त्र, आकाश	हार	–	माला, पराजय
स्वर	–	आवाज़, वर्णमाला के वर्ण	विधि	–	तरीका, ईश्वर

2. निम्नलिखित शब्दों के साथ 'इक' प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाइए–

मास + इक – मासिक सप्ताह + इक – साप्ताहिक

HELLINE PUBLICATIONS © (P) LTD

मुख	+	इक	–	मौखिक	नीति	+	इक	–	नैतिक
लोक	+	इक	–	लौकिक	समाज	+	इक	–	सामाजिक
बुद्धि	+	इक	–	बौद्धिक	भूत	+	इक	–	भौतिक
पुराण	+	इक	–	पौराणिक	विज्ञान	+	इक	–	वैज्ञानिक

3. निम्नलिखित विशेषणों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए–

लाल	–	मैं <u>लाल</u> साइकिल पर सवार होकर जा रहा था।
गहरी	–	पर्यटकों से भरी बस <u>गहरी</u> खाई में गिर गई।
अच्छा	–	मोनिका का व्यवहार बहुत <u>अच्छा</u> है।
दुष्ट	–	संजना एक <u>दुष्ट</u> लड़की है।
दयालु	–	सुनंदी बहुत ही <u>दयालु</u> महिला है।
समझदार	–	मोनिका बहुत <u>समझदार</u> लड़की है।

4. नीचे कुछ भाववाचक संज्ञा शब्द दिए गए हैं। बताइए कि वे किस मूल शब्द से बने हैं–

मिठास	–	मीठा	बुढ़ापा	–	बूढ़ा
बचपन	–	बच्चा	परायापन	–	पराया
पढ़ाई	–	पढ़ना	बुराई	–	बुरा
गंदगी	–	गंदा	अच्छाई	–	अच्छा

5. निम्नलिखित वाक्यों में सरल, संयुक्त और मिश्र वाक्य पहचानिए–

क)	लड़की पढ़ रही है।	–	सरल वाक्य
ख)	दीदी घर आई और कहानी सुनाई।	–	संयुक्त वाक्य
ग)	तिलक ने कहा कि स्वराज्य हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।	–	मिश्र वाक्य
घ)	पेड़ जानता था कि लड़की भूखी है।	–	संयुक्त वाक्य
ङ)	बस रुक गई है क्योंकि इंजन में खराबी आ गई।	–	सरल वाक्य
च)	वर्षा अचानक होने लगी।	–	सरल वाक्य

20 खुराफातों ने बनाया महान वैज्ञानिक

मौखिक प्रश्न

1. सही उत्तर चुनकर सही (✓) का चिह्न लगाइए–

क) एडीसन का दाखिला प्राइमरी स्कूल में कब कराया गया?
सात वर्ष की आयु में (✓)

ख) एडीसन ने अपने अध्यापक से कौन-सा सवाल पूछा था?
आदमी क्यों नहीं उड़ सकता (✓)

ग) एडीसन ने अपनी पहली प्रयोगशाला कहाँ बनाई थी?
ट्रेन के अंदर (✓)

घ) एडीसन ने कुल मिलाकर कितने प्रयोग किए?
1093 (✓)

2. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए–

क) बचपन में एडीसन को स्कूल से कब और क्यों निकाल दिया गया?

उ॰ एडीसन को स्कूल में प्रवेश के तीन माह बाद ही निकाल दिया गया क्योंकि स्कूल के अध्यापक-अध्यापिका उसके सवालों से नाराज़ रहते थे।

© HELP LINE PUBLICATIONS (P) LTD

ख) एडीसन का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

उ॰ एडीसन का जन्म 11 फरवरी, सन् 1847 को मिलान, ओहियो (अमरीका) में हुआ था।

ग) एडीसन की माँ ने उनका ध्यान बँटाने के लिए क्या किया?

उ॰ एडीसन की माँ ने उनका ध्यान बँटाने के लिए उन्हें घर पर ही पढ़ाना शुरू किया।

घ) एडीसन की मृत्यु कब हुई?

उ॰ 18 अक्टूबर, सन् 1931 को एडीसन की मृत्यु हुई।

लिखित प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

एडीसन ने पार्कर को गलत साबित करने के लिए अनेक रासायनिक प्रयोग किए। प्रयोगों के लिए धन की कमी आड़े आई। इसके लिए वे ट्रेन में अखबार व खाने-पीने की सामग्री बेचने लगे। ट्रेन के अंदर उन्होंने अपनी एक प्रयोगशाला बना ली। अखबार बेचने से समय निकालकर वे इसमें प्रयोग करते रहते थे। इस दौरान उन्होंने 'वीकली हेराल्ड' नाम से एक समाचार-पत्र निकाला। चलती ट्रेन में छपने वाला यह दुनिया का पहला समाचार-पत्र था।

क) एडीसन ने अनेक रासायनिक प्रयोग क्यों किए?

उ॰ पार्कर को गलत साबित करने के लिए एडीसन ने अनेक प्रयोग किए।

ख) धनोपार्जन के लिए एडीसन ने क्या-क्या किया?

उ॰ धनोपार्जन के लिए एडीसन ने ट्रेन में अखबार और खाने-पीने का सामान बेचा।

ग) एडीसन ने किस नाम से समाचार-पत्र निकाला?

उ॰ एडीसन ने 'वीकली हेराल्ड' नाम का समाचार-पत्र निकाला।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

लघूत्तरीय प्रश्न

क) रेलवे प्रशासन ने एडीसन का सामान ट्रेन से बाहर क्यों फेंक दिया?

उ॰ एडीसन ने ट्रेन में प्रयोगशाला बना ली थी। एक दिन प्रयोगशाला के केमीकल में विस्फोट हो गया। इस मामले को लेकर रेलवे प्रशासन ने एडीसन का सामान ट्रेन से बाहर फेंक दिया।

ख) स्टेशन मास्टर ने एडीसन को क्या सिखाया और क्यों?

उ॰ स्टेशन मास्टर ने एडीसन को टेलीग्राफ पर संदेश भेजना सिखाया क्योंकि उन्होंने उसके पुत्र को ट्रेन के नीचे आने से बचा लिया था।

ग) 1878 में एडीसन ने कौन-सा महत्वपूर्ण कार्य किया?

उ॰ 1878 में एडीसन ने कार्बन माइक्रोफोन का आविष्कार किया।

घ) एडीसन ने ट्रेन में प्रयोगशाला क्यों बनाई?

उ॰ एडीसन ट्रेन में अखबार बेचते थे। अपने खाली समय में प्रयोग करने के लिए उन्होंने ट्रेन में प्रयोगशाला बनाई।

ङ) टेलीग्राफ़ ऑपरेटर की नौकरी करते हुए एडीसन ने कौन-सा महत्वपूर्ण कार्य किया?

उ॰ टेलीग्राफ़ ऑपरेटर की नौकरी करते हुए एडीसन ने ग्रामोफोन का आविष्कार किया। इसी दौरान उन्होंने इलेक्ट्रिक वोटिंग मशीन का भी आविष्कार किया।

विस्तारपूर्वक उत्तर लिखिए–

क) एडीसन ने आर्थिक स्थिति सुधरने पर अपना वर्कशॉप कहाँ खोला और क्या-क्या कार्य किए?

उ॰ आर्थिक स्थिति सुधरने पर एडीसन ने न्यूयॉर्क में अपना वर्कशॉप खोला। यहाँ कार्य करते हुए उन्होंने टाइपराटर्स को लकड़ी से धातु का रूप दिया। उसके की-बोर्ड की आकृति सुधारी और स्याही के समन्वय को ठीक किया। यहीं उन्होंने कार्बन माइक्रोफोन विकसित किया।

ख) आविष्कारों के क्षेत्र में एडीसन की पहली उपलब्धि क्या थी? उन्होंने कौन-कौनसे आविष्कार किए?

उ॰ आविष्कारों के क्षेत्र में एडीसन की पहली उपलब्धि ग्रामोफोन का आविष्कार था। उन्होंने विद्युत बल्ब का आविष्कार किया। उन्होंने कार्बन माइक्रोफोन, इलेक्ट्रिक वोटिंग मशीन, ग्रामोफोन के आविष्कार सहित कुल मिलाकर 1093 आविष्कार किए।

© PEARL PUBLICATIONS (P) LTD.

ग) एडीसन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं, कैसे?

उ॰ यह सत्य है कि एडीसन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं क्योंकि उन्होंने अनेक आर्थिक कठिनाइयाँ के सहते हुए कठिन परिश्रम द्वारा अनेक महत्वपूर्ण आविष्कार कर मानव जीवन को आरामदायक बनाया।

भाषा के झरोखे से

1. निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध करके लिखिए–

खूराफाती	**खुराफ़ाती**	भवीष्य	**भविष्य**	आसपडोस	**आस-पड़ोस**	रासायन	**रसायन**
अविष्कार	**आविष्कार**	पृभावित	**प्रभावित**	टाइपराईटस	**टाइपराइटर्स**	अनूरुप	**अनुरूप**

2. निम्नलिखित शब्दों का शब्द-परिवार बनाइए–

धैर्य	–	धैर्यशील	धैर्यवान	धैर्योत्तम	अधैर्य
मानव	–	मानवीय	अमानवीय	मानवता	महामानव
न्याय	–	न्यायालय	न्यायाधीश	अन्याय	न्यायकारी
कर्म	–	कर्मरत	कर्मशील	सुकर्म	दुष्कर्म
वीर	–	वीरता	वीरोचित	वीरांगना	बलवीर

3. निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए–

भविष्य	–	भूत	अंतिम	–	प्रथम
सवाल	–	जवाब	प्रभावित	–	अप्रभावित
चलना	–	रुकना	उतारना	–	चढ़ाना
अधिकांश	–	न्यूनांश	सफलता	–	असफलता

4. निम्नलिखित विस्मयादिबोधक शब्दों का प्रयोग कर वाक्य बनाइए–

अहा	–	अहा! कितना सुंदर दृश्य है।
शाबाश	–	शाबाश! तुमने तो कमाल कर दिया।
छि	–	छि! यहाँ तो बहुत गंदगी है।
हट	–	हट! दूर हो जा मेरी नज़रों से।
हाय	–	हाय! बेचारे की टाँग टूट गई।

5. निम्नलिखित वाक्यों को उदाहरण के अनुसार बदलकर लिखिए–

उदाहरण– एडीसन एक कंपनी में नौकरी करते थे।
एडीसन ने एक कंपनी में नौकरी की।

क) एडीसन अपना अधिकांश समय अध्ययन में गुज़ारते थे।
एडीसन ने अपना अधिकांश समय अध्ययन में गुज़ारा।

ख) एडीसन बल्ब में फ़िलामेंट की जगह कार्बन के तंतु का इस्तेमाल करते थे।
एडीसन ने बल्ब में फिलामेंट की जगह कार्बन के तंतु का इस्तेमाल किया।

ग) एडीसन नैतिक मूल्यों पर ज़ोर देते थे।
एडीसन ने नैतिक मूल्यों पर ज़ोर दिया।

घ) वे अपने देश से प्रेम करते थे।
उन्होंने अपने देश से प्रेम किया।

ङ) सबसे पहले एडीसन ने अपनी प्रयोगशाला को विकसित किया था।
सबसे पहले एडीसन ने अपनी प्रयोगशाला विकसित थी।

© PEARSON PUBLICATIONS (P) LTD.

21 नदी किंतु बहती रही

मौखिक प्रश्न

1. सही उत्तर चुनकर सही (✓) का चिह्न लगाइए–

क) इस कविता का शीर्षक है–
नदी किंतु बहती रही (✓)

ख) नदी किसकी तरह चल रही थी?
सर्प की तरह (✓)

ग) 'बीहड़' का अर्थ है–
उबड़-खाबड़ मार्ग (✓)

2. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए–

क) नदी कैसे बह रही थी?

उ० अनथकी, अनरुकी बह रही थी।

ख) चाँद से कौन बात करता था?

उ० नदी बात करती थी।

ग) इस कविता के रचयिता कौन हैं?

उ० डॉ. शंभुनाथ सिंह।

3. निम्नलिखित पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए–

एक मीनार उठती रही,
एक मीनार ढहती रही,
अनथकी अनरुकी सामने
यह नदी किंतु बहती रही।

उ० इन पंक्तियों का आशय यह है कि जब नदी बहती है तो वह मीनार की तरह कभी ऊँची उठ जाती है तो कभी उसकी जल-तरंगें नीचे बैठती हुए ऐसी दिखाई देती हैं मानो कोई मीनार ढह रही है। नदी बिना थके और बिना रुके निरंतर बहती रहती है। वह किसी भी हाल में रुकती नहीं है।

लिखित प्रश्न

1. निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

धूप में झलमलाती रही,
छाँव में खिलखिलाती रही,
पास सबको बुलाती हुई
प्यास सबकी बुझाती रही,
ताप सबका मिटाती हुई
रेत में आप दहती रही।

क) नदी किस प्रकार सबकी प्यास बुझाती है?

उ० नदी सबको पास बुलाकर उनकी प्यास बुझाती है।

ख) 'ताप सबका मिटाती हुई' से क्या अभिप्राय है?

उ० इस पंक्ति का आशय यह है कि नदी सभी का ताप मिटा देती है, सभी को शीतलता प्रदान करती है।

ग) नदी धूप में कैसे झलमलाती है?

HELPLINE PUBLICATIONS © PVT. LTD.

उ॰ जब नदी के जल पर सूर्य की धूप पड़ती है तो जल रह-रहकर चमकता रहता है। इस प्रकार नदी धूप में झलमलाती है।

घ) 'छाँव' शब्द का अर्थ है–

छाया (✓)

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

लघूत्तरीय प्रश्न

क) नदी कहाँ से निकलती है?

उ॰ नदी पर्वतों से निकलती है।

ख) पत्थरों के किले कौन तोड़ता है?

उ॰ पत्थरों के किले नदी तोड़ती है।

ग) नदी सूर्य का घात कैसे सहती है?

उ॰ जब नदी पर सूर्य की तेज गर्म किरणें पड़ती हैं तो वह सूर्य का घात सहती हैं।

विस्तारपूर्वक उत्तर लिखिए–

क) कवि ने नदी के बहने की तुलना सर्प की चाल से क्यों की है?

उ॰ कवि ने नदी के बहने की तुलना सर्प की चाल से इसलिए की है क्योंकि वह एक सीधी रेखा में नहीं चलती, वह सर्प की तरह टेढ़ी-मेढ़ी, बल खाती हुई आगे बढ़ती है।

ख) नदी सरहदों को मिटाती है, कैसे?

उ॰ नदी सरहदों को इस प्रकार मिटाती है कि वह किसी भी राज्य या देश की सीमा को नहीं मानती और निरपेक्ष भाव से एक राज्य से दूसरे राज्य में एक देश से दूसरे देश में बहती रहती है।

ग) नदी को अनथकी और अनरुकी क्यों कहा है?

उ॰ कवि ने नदी को अनथकी और अनरुकी इसलिए कहा है क्योंकि नदी बहते-बहते न तो कभी थकती है और न ही कभी रुकती है। वह अबाध रूप से बहती रहती है।

भाषा के झरोखे से

1. निम्नलिखित शब्दों के एक-एक पर्यायवाची शब्द लिखिए–

नदी	–	सरिता	पर्वत	–	नग
पत्थर	–	पाहन	चाँद	–	शशि
सूर्य	–	दिनकर	रेत	–	बालू
सर्प	–	साँप	किला	–	कोट

2. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए–

पर्वत	–	आज मनुष्य ने <u>पर्वतों</u> को काटकर रास्ते बना लिए हैं।
पत्थर	–	गाँववालों ने <u>पत्थरों</u> के प्रहार से लुटेरे को मार डाला।
लता	–	बगीचे में अंगूर की <u>लताओं</u> ने फैलकर सुंदर जाल-सा बना दिया है।
बादल	–	वर्षा ऋतु समाप्त होने को है, पर <u>बादलों</u> का नामोनिशान नहीं।

3. निम्नलिखित पंक्तियों से कारक-चिह्न छाँटकर लिखिए–

क)	पर्वतों से उतरी हुई।	–	से
ख)	तोड़ती पत्थरों के किले।	–	के
ग)	सूर्य के घात सहती हुई।	–	के
घ)	धूप में झलमलाती रही।	–	में
ङ)	सरहदों को मिटाती हुई।	–	को

4. निम्नलिखित शब्दों में 'अन' उपसर्ग जोड़कर लिखिए–

कहा	–	अनकहा	होनी	–	अनहोनी

© HELPLINE PUBLICATIONS (P) LTD.

बूझ	–	अनबूझ	बन	–	अन-बन
चाहा	–	अनचाहा	जान	–	अनजान
खुला	–	अनखुला	सुना	–	अनसुना

5. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति अनुरणनात्मक शब्दों से कीजिए–

क) पक्षी **चहचहा** रहे थे।

ख) घंटियाँ **टनटना** रही थीं।

ग) घोड़ा **हिनहिना** रहा था।

घ) सर्प **फुफकार** रहा था।

ङ) भौंरा **गुंजार** रहा था।

6. निम्नलिखित वाक्यों में से प्रविशेषण छाँटकर लिखिए–

अनुराग की घड़ी सबसे सुंदर है।	–	**सबसे**	नदी का पानी बहुत ठंडा है।	–	**बहुत**
हिमालय सबसे बड़ा पर्वत है।	–	**सबसे**	लता बहुत परिश्रमी छात्रा है।	–	**बहुत**

7. अब आप ड-ढ, ढ़-ड़ के प्रयोग वाले कुछ शब्द लिखिए।

ड-ढ वाले शब्द	**ढ़-ड़ वाले शब्द**
डलिया, डमरू	बढ़ई, बढ़ना
ढक्कन, ढकना	कड़क, सड़क

HELPLINE PUBLICATIONS © (P) LTD.